तापमान
अधिकतम 33.6 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 26 मई 2025

बोर खनन के बाद गौठान में मवेशी नहीं रहेंगे प्यासे 12



पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन 12






## 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

इच्छुक छात्र आवेदन करें
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
6 माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

Advt.


## खबर संक्षेप

### 60 वार्डों में चौथे दिन नहीं उठा कचरा

**दुर्ग।** दुर्ग के 60 वार्डों में सफाई व्यवस्था ठप पड़ गई है। सफाई कर्मचारी डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन नहीं कर रहे हैं। खास बात यह है कि इसकी शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। बता दें कि पिछले चार दिनों से शहर के सभी 60 वार्डों के सफाई कर्मी हड़ताल पर हैं। निगम में पिछले दिनों सफाई का नया ठेका हुआ है। किसी आयुष सिंह को काम दिया गया है। महिला समूह के माध्यम से काम कराया जा रहा है। इधर सफाई कर्मचारियों की पुरानी मांगों को पूरा नहीं किया गया है। इस वजह से उनमें नाराजगी है। उन्होंने हड़ताल शुरू कर दिया है। शहर में सड़कों और नालियों की सफाई हो रही है, लेकिन घरों से कचरा नहीं उठ रहा है।

### युवक का अपहरण कर मारपीट, अपराध दर्ज

**भिलाई।** खुर्सीपारा थाना क्षेत्र में एक युवक का अपहरण कर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने बताया कि श्रमिक नगर छावनी निवासी हरीश सोनी की शिकायत पर उज्जवल सिंह, इंद्रजीत सिंर उर्फ टकली और शुभम सिंह के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। मुख्य आरोपी उज्जवल ने हरीश को पुराना पेमेंट देने के नाम पर 21 मई से बंधक बनाकर रखा था। इस दौरान उससे मारपीट की। बंधक रहने के दौरान ही उसने घटना की जानकारी अपने भाई को फोन के माध्यम से दी। इसके बाद उसके भाई ने पुलिस को खबर दी। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। विवेचना जारी है।

### सहायिका पद के लिए आवेदन 2 जून तक

**दुर्ग।** आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती किया जाना है। आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन 02 जून तक बाल विकास परियोजना कार्यालय दुर्ग शहरी में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक द्वारा जमा किया जा सकता है। आंगनबाड़ी केन्द्र पंचशील नगर केन्द्र 2, वार्ड 1 नयापारा के लिए यह भर्ती होनी है। आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। सेवा की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष है। आवेदिका उसी वार्ड की स्थायी निवासी होनी चाहिए। आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु 12वीं अथवा 11वीं बोर्ड उत्तीर्ण, आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 8वीं बोर्ड उत्तीर्ण है। इधर दुर्ग शहरी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद की अनन्तिम सूची जारी कर दी गई है।

## म्यूल अकाउंट का बड़ा खेल: एंटी क्राइम और साइबर यूनिट की कार्रवाई

# ऑनलाइन सट्टे का पैसा खाते में ट्रांसफर कराने वाले दो दिन में 14 हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

म्यूल अकाउंड के जरिए ऑनलाइन सट्टे का पैसा ट्रांसफर किए जाने के मामले में पुलिस ने दो दिन में 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक दिन पहले 5 लोगों के नामों का खुलासा किया गया था। इसके बाद रविवार को 9 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

इसमें नंदिनी थाना क्षेत्र से आकाश राजपूत और उसके दोस्त धर्मेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आकाश को शिवसेना का पदाधिकारी बताया गया है। बहरहाल पुलिस इसकी जांच कर रही है। इसके अलावा एक युवक सुधीर साव को सुपेला थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इतना ही नहीं सुपेला, भिलाई नगर और मोहन नगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में प्रशांत विश्वकर्मा, मोन्टू कुमार, रफीक खान, समीर वर्मा, विपिन शुक्ला, मोहम्मद कलाम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस प्रकार दो दिन में 14 लोगों को गिरफ्तारी हो चुकी है। बताया जा रहा है कि ये सारे मामले महादेव सट्टा से जुड़े हुए हैं। ऑनलाइन सट्टा से मिले पैसों के ट्रांजेक्शन के दौरान इन आरोपियों ने म्यूल अकाउंट के जरिए पैसे ट्रांसफर कराए। बहरहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।



### एचडीएफसी बैंक के खाते में आता था सट्टे का पैसा

जांच में पता चला है कि एक अकाउंट कुरुद निवासी धर्मेंद्र निर्मलकर के नाम पर है, जो कि एचडीएफसी बैंक में संचालित है। अकाउंट को चेक करने पर पाया गया कि, उसमें साइबर फ्रॉड यानी ऑनलाइन सट्टे के पैसों का लेन-देन हुआ है। पुलिस ने जब धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर पूछताछ की, तो पता चला कि उसने अपना अकाउंट ढांचा भवन कुरुद निवासी शिवसेना भिलाई के युवा विंग जिलाध्यक्ष आकाश राजपूत को दिया है। उस अकाउंट में ऑनलाइन सट्टा से जुड़ी रकम 5 हजार रुपए जमा हुए हैं। उसे पता था कि, इसका गलत इस्तेमाल होगा।

### उत्कर्ष बैंक के अकाउंट से चल रहा था पैसों का लेनदेन



पुलिस ने बताया कि उत्कर्ष बैंक के अकाउंट धारक प्रशांत विश्वकर्मा व मोन्टू कुमार से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उन्होने अकाउंट खुलवाकर पैसे लेकर किराये पर अन्य व्यक्तियों को संचालित करने के लिए दिया है। दोनो अकाउंट को चेक करने पर उसमें सायबर फ्रॉड की रकम 29036 रूपये का लेन-देन होना पाया गया।इसी प्रकार गुजरात एवं महाराष्ट्र के व्यक्तियों से साइबर फ्रॉड कर कुल रकम 50,000 रुपए का लेनदेन पंजाब नेशनल बैंक के अकाउंट में हुआ। उक्त अकाउंट के धारक रफीक खांन से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि उसने अपने नाम से अकाउंट खुलवाकर पैसे लेकर किराये पर अन्य किसी को उपयोग के लिये दिया था। दो अन्य म्यूल अकाउंट से 3 लाख रुपये का लेनदेन बैंक ऑफ इंडिया के अकाउंट में हुआ। उक्त अकाउंट के धारक समीर वर्मा एवं विपीन शुक्ला ने पैसे लेकर किराये पर अन्य व्यक्ति मोहम्मद कलाम को उपयोग के लिये दिया था।

### मौर्या कंस्ट्रक्शन में करता था काम



भगवा चौक कुरुद के पास संचालित मौर्या कंस्ट्रक्शन में आकाश काम करता था। वहां के संचालक चंद्रकांत मौर्या से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि, आकाश शिव सेना और गौ रक्षा से जुड़ा था। वो काम पर कम और छुट्टी अधिक मारता था। पिछले एक महीने से वो काम पर नहीं आ रहा था। इधर सुपेला पुलिस ने म्यूल अकाउंट मामले में आरोपी सुधीर साव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शिव कुमार साव ने शिकायत की थी कि उसका अकाउंट उत्कर्ष स्मॉल फायनेंस बैंक में खुला है। उसके अकाउंट को उसके जीजा सुधीर साव ने इस्तेमाल करने के लिए उससे लिया है। म्यूल अकाउंट में 30000 रुपए की ठगी का पैसा जमा हुआ।

## वेदर अलर्ट...

# दिन में हल्की बारिश आज भी ऐसे ही हालात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ अधिकतम तापमान में आई 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट

रविवार को भी दिन में ट्विनसिटी के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। जिससे तापमान में भी गिरावट आई। अधिकतम तापमान में 5.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस रही। न्यूनतम तापमान में भी 7.5 डिग्री सेल्सियस नीचे आया है। न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले यानी शनिवार को अधिकतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस नीचे चला आया था। इस हिसाब से एक दिन में पारा 6 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है।

### बारिश की वजह से उमसभरी गर्मी से मिल रही राहत

रविवार की सुबह धूप भी खिली। उसके बाद आसमान पर बदली भी छाई रही। दोपहर 12 बजे मरोदा, रिसाली, रूआबांधा आदि क्षेत्रों में आधे घंटे तक हल्की बारिश होती रही। जिससे लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली। दोपहर 1 बजे से शाम तक धूप व बदली आती-जाती रही। शाम को भी आसमान पर काले बादल मंडराने लगे लेकिन बरसे नहीं।

### अरब सागर में मानसून

मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियों बनी हुई है। अगले तीन दिनों में मध्य अरब सागर के कुछ और भाग, महाराष्ट्र के कुछ और भाग, कर्नाटक के कुछ और भाग, आंध्र प्रदेश के कुछ और भाग, तमिलनाडु के बचे हुए भाग, पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर बंगाल की खाड़ी के कुछ और भाग, तथा उत्तर पूर्व राज्य के कुछ और हिस्सों में पहुंचने की संभावना है।

### आज भी बारिश के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का द्रोणिका पूर्व मध्य अरब सागर से उत्तर उड़ीसा तक मध्य महाराष्ट्र उत्तर तेलंगाना दक्षिण छत्तीसगढ़ होते हुए 1.5 किलोमीटर से 4.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 26 मई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है।

## ड्रीम इलेवन में काम दिलाने के नाम पर युवक को जोड़ा रेड्डी अन्ना से, पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई के युवक का अपहरण कर 5 लाख की फिरौती मांगने के मामले में फरार एक अन्य आरोपी शिव उर्फ शिवेन्द्र पिता कृष्ण कुमार तिवारी उम्र 25 निवासी सेक्टर-07 को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



वह गांधी नगर दिक्षित कॉलोनी कोसा नगर सुपेला में रह रहा था। पुलिस पूछताछ में उसने खुलासा किया है कि ड्रीम इलेवन में काम दिलाने के नाम पर उसे रेड्डी अन्ना ऑनलाइन सट्टे से जोड़ा गया था। बता दें कि कैम्प-1 निवासी प्रहलाद शाह ने वैशाली नगर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके भतीजे रजत शाह का अपहरण कर फिरौती मांगी जा रही है। मामले की जांच में बोकारो झारखंड से रेड्डी अन्ना सट्टा के बड़े रैकेट का भंडाफोड़ हुआ। पुलिस ने संदेही राहुल पासवान और सिमरन कौर को मामले में गिरफ्तार किया। मामले में सिमरन का कनेक्शन क्रिकेट के सटोरियों से होना पाया गया। सिमरन पिता राजेन्द्र सिंह उर्फ जोबनजीत सिंह उम्र 21 वर्ष धरीवाला हॉल गेट के पास अमृतसर पंजाब की रहने वाली है, जो मदर टेरेसा नगर भिलाई में रह रही थी। इस मामले में शिव उर्फ शिवेन्द्र तिवारी फरार था। मुखबिर की सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

## स्वयंसेविकाओं का पथ संचलन...बैंड की धुन में कदम ताल, देशभक्ति का दिया संदेश



**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महिला राष्ट्र सेविका की ओर से रविवार को पथ संचलन निकाला गया। आरएसएस के बैंड की धुनों पर पहली बार महिला सेविकाओं ने कदम से कदम मिलाए। महिला सेविकाओं के संचलन को देखकर लोगों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया। रविवार को महिला राष्ट्र सेविका समिति की ओर से पथ संचलन निकाला गया। सुबह से ही आरएसएस के महिला राष्ट्र सेविका इकट्ठा हुए। इसके बाद राष्ट्र सेविकाओं को देशभक्ति के संदेश दिया। आरएसएस के बैंड की धुनों के साथ ही महिलाओं ने कदम से कदम मिलाते हुए पथ संचलन निकाला। पथ संचलन बैकुंठधाम से शुरू से होकर गणेश चौक, सांस्कृतिक भवन, जागृति चौक होते हुए वापस बैकुंठधाम में समाप्त हुआ। सफेद साड़ी और सूट में पहली बार महिला सेविकाओं के पथ संचलन को देखकर शहर के लोगों ने जमकर स्वागत किया। सेविकाएं जहां से गुजरी, वहां आकर्षण का केंद्र रहीं।

फोटो : संजय पांडेय

## भिलाई निगम का अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान

# रोड-नाली पर कब्जा, 69 हजार का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम के जोन 1 अंतर्गत वार्ड 2 स्मृति नगर, सूर्या मॉल चौक रोड का निरीक्षण करने राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। वहां देखने में आया कि व्यापारियों द्वारा सड़क, रोड एवं नाली पर अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा था। साथ ही कुछ व्यापारियों के पास जाकर जॉच किया गया, तो उनके द्वारा सिंगलयूज प्लास्टिक रखा गया था एवं अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं पाया गया।

जिसके तहत उन सभी दुकानदारों से 13800 रुपए की चालानी कार्यवाही करते हुए रसीद काटकर दिया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन 1 राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्मृति नगर एवं सूर्या मॉल क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। वहां कुछ दुकानदारों द्वारा सड़क बाधित कर व्यवसाय करने, सिंगलयूज प्लास्टिक रखने एवं अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं पाया गया। प्रमुख रूप से मेडी फ्लैक्स मेडिकोज से 1500, अंजिलेश मेडिकल से 1000, सांई मेडिकोज से 500, जय श्री किराना स्टोर से 300, हिमालया वेलेंस कंपनी से 1000, बबीता माखीजा से 8000, मैरिज पैलेस से 1500 रुपए। इसी प्रकार कबाड़ी व्यवसाय करने वाले द्वारा सड़क पर कबाड़ी कचरा डालकर गंदगी फैला रहा था एवं आवागमन को बाधित कर रहा था। जिस पर 20000 एवं हुण्डई शो रूम द्वारा सर्विसिंग का पानी नाली में छोड़ रहा था, जिससे नाली का पानी सड़क में आ रहा था और सड़क खराब हो रहा था। इसके लिए उस पर 25000 रुपए एवं सर्विस रोड में वाहन मैकेनिक एवं ठेला खोमचे को हटाते हुए उनसे कुल 10200 रुपए अर्थदण्ड वसूल किया गया। कुल 69000 रुपए का जुर्माना वसूला गया।



## पुलिस का आपरेशन मुस्कान एक जून से, तैयारी शुरू



**भिलाई।** पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने 1 जून से शुरू हो रहे ऑपरेशन मुस्कान की जानकारी दी। बैठक में थाना एवं चौकी प्रभारी मौजूद थे। बैठक में पिछले एक वर्ष से अधिक समय से लंबित अपराध एवं चालान का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश एसएसपी ने दिए। सभी रजिस्ट्रों को अघतन करने एवं बाउंड ओव्हर की कार्रवाई करने के लिए निर्देश किया। एसएसपी ने जिले के निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों की सतत जांच करने एवं पुराने गुण्डे बदमाश जो निष्क्रिय हैं, उनकी फाइल बंद करने की भी बात कही। उन्होंने बताया कि 1 से 30 जून तक ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जाएगा। इसमें इसमें गुम इंसान को खोजकर उनके परिजनों तक पहुंचाया जाएगा।

## बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का समय बदला

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर - बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस वीरांगना लक्ष्मी बाई जंक्शन (झाँसी) पर 28 मई से प्रवर्तित समय आगमन 12.50 बजे प्रस्थान 12.55 बजे पहुँचकर अपने गंतव्य को रवाना होगी । असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा 139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें । विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

**खबर संक्षेप**

### बीमारियों से बचाव के लिए बनाएं कार्ययोजना

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने दकलेक्टर अभिजित सिंह से बारिश में उपजने वाली जलजनित बीमारियों के विरूद्ध पूरी सजगता बरत इससे बचाव के लिए कार्ययोजना तैयार करने का आग्रह किया है। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि इस बार मानसून का आगमन तय समय से पूर्व हो रहा है जिससे बारिश में मौसम परिवर्तन की वजह से अनेक बीमारियों के पांव पसारने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता है। विशेष रूप से मच्छर जनित और जल जनित बीमारियां जैसे मलेरिया, टायफायड, डेंगू, पीलिया, अतिसार, उल्टी, दस्त, पेट संबंधी बीमारी व खाज खुजली सहित कई बीमारियां शामिल हैं। बरसात में जगह-जगह गंदा पानी भर जाने से जलजनित बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए बीमारी फैलने के बाद उसके रोकथाम के उपाय करने से अच्छा है कि बीमारी को फैलने ही न दें और उसके पैर पसारने से पहले ही उसके रोकथाम के सारे उपाय कर लिए जाये।

### परामर्शदात्री समिति के बैठक की मांग

**दुर्ग।** जिला स्तरीय विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक विगत कई वर्षों से नहीं होने के कारण कर्मचारियों एवं अधिकारियों की विभागीय पदोन्नति, समयमान वेतनमान, क्रमोन्नति, वरिष्ठता सूची का प्रकाशन समय पर नहीं होने, सेवा पुस्तिका संधारण अघतन, सेवा निवृत्ति उपरांत कर्मचारियों के देय स्वत्वों का भुगतान समय पर नहीं होने, कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण, अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण, चिकित्सा देयक, यात्रा भत्ता देयक भुगतान नहीं होने, मातृत्व अवकाश एवं संतान पालन अवकाश पर गए कर्मचारियों की वेतन भुगतान प्रकरण अघतन नहीं होने से कर्मचारियों में आक्रोश है। शासन द्वारा तीन माह में परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाये जाने के निर्देश है।

### एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**दुर्ग।** कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (अ), दुर्ग व इंडियन पोटाश लिमिटेड द्वारा एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न पोषक तत्वों के फसल उत्पादन में महत्व, मृदा परीक्षण के परिणाम अनुसार अनुशंसित मात्रा में उर्वरक की गणना, खरीफ पूर्व तैयारी आदि विषयों में चर्चा हुई।

# वोटिंग करने आए मतदाताओं का मोबाइल संभालेगा निर्वाचन आयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग ने एक नई पहल की है। मतदान करने आए मतदाताओं के मोबाइल की जिम्मेदारी आयोग की होगी। मतदान करने के पहले मतदाताओं को अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर जमा करना होगा, मतदान देने के बाद मतदाताओं को मोबाइल वापस कर दिया जाएगा। इस पहल को लेकर आयोग का उद्देश्य है कि, मतदान करने में मोबाइल को सुरक्षित रखने की हिचक दूर किया जाएगा। मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने और मतदान दिवस की व्यवस्थाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग ने दो और व्यापक निर्देश जारी किए हैं। इनमें मतदान केंद्रों के बाहर मोबाइल जमा सुविधा प्रदान करना और प्रचार नियमों का सरलीकरण शामिल है। ये निर्देश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और निर्वाचन संचालन नियम, 1961 के संबंधित प्रावधानों के अनुरूप है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग और मतदाताओं विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को मतदान दिवस पर मोबाइल फोन संभालने में होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने मतदान केंद्रों के ठीक बाहर मोबाइल जमा सुविधा की अनुमति देने का निर्णय लिया है। मतदान केंद्र से 100 मीटर की परिधि के भीतर केवल बंद (स्विच ऑफ) स्थिति में मोबाइल फोन रखने की अनुमति होगी। मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार के पास साधारण पिजनहोल बॉक्स या जूट बैग रखे जाएंगे, जिनमें मतदाताओं को अपने मोबाइल फोन जमा करने होंगे। मोबाइल फोन मतदान केंद्र के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, कुछ मतदान केंद्रों को स्थानीय प्रतिकूल परिस्थितियों के आधार पर रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा इस प्रावधान से छूट दी जा सकती है। मतदान केंद्र के भीतर मतदाता की गोपनीयता सुनिश्चित करने वाला निर्वाचन संचालन नियम 49 एम सख्ती से लागू रहेगा।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने निर्वाचन आयोग ने की पहल




### 100 मीटर के दायरे में प्रचार प्रसार रहेगा प्रतिबंध

इसके अतिरिक्त, मतदान दिवस पर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोग ने प्रचार की अनुमति सीमा को निर्वाचन कानूनों के अनुरूप मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी तक सीमित कर दिया है। मतदान दिवस पर मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में चुनाव प्रचार की अनुमति नहीं होगी। अतः मतदान दिवस पर उम्मीदवारों द्वारा मतदान दिवस पर ऐसे बूथ, जिनसे वे आधिकारिक मतदाता सूचना पर्ची (व्हीआईएस) न होने की स्थिति में अनौपचारिक पहचान पर्ची वितरित करते हैं, अब मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी के बाहर लगाए जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग विधिक ढांचे के अनुसार निष्पक्ष निर्वाचन कराने के लिए प्रतिबद्ध है और साथ ही मतदाताओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने हेतु लगातार नवाचार करता रहेगा।

## जिला अस्पताल में रोज एक हजार मरीज, रिक्त पदों पर नहीं हो रही भर्ती

# डॉक्टरों की भर्ती नहीं, एमडी से लेकर टेक्नीशियन के पदों में भारी कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला अस्पताल पिछले लंबे समय से डॉक्टरों की कमी और टेक्निकल कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। जिसके चलते लाखों रुपए की महंगी मशीन कंडम हो रही है, वहीं डॉक्टरों की कमी से मरीजों का दर्द भी बढ़ रहा है। नियमित डाक्टरों की भर्ती नही किए जाने के चलते लिमिट डाक्टरों पर दबाव बढता जा रहा है। विगत दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जिला अस्पताल के निरीक्षण में आए थे, अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें भी डॉक्टरों की कमी की जानकारी दी थी, लेकिन वर्तमान में स्थित जस के तस है। मरीजों की संख्या को देखते हुए दस एमडी डाक्टरों की जरूरत है, लेकिन वर्तमान में यहां सिर्फ पांच की स्वीकृति पर एक ही नियमित हैं और दो एनएचएम मद व एक डीएमएफ से भर्ती किए गए है। एमडी डाक्टरो की कमी के कारण आईसीयू वार्ड, केज्यूअलटी वार्ड में दबाव बढ रहा हैं। दो शिफ्ट होने और कभी डाक्टर के छुट्टी पर जाने से व्यवस्था गडबडा जा रही है। जिला चिकित्सालय जहां 500 बेड उपलब्ध है। यहां 1000 प्लस ओपीडी मरीज स्थानीय एवं नजदीक क्षेत्र से चिकित्सा सेवा के लिए आते है। विशेष कर सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को मरीजों की संख्या बढ़ जाती है।

ऐसे में चिकित्सक की कमी से चिकित्सा सेवा प्रभावित हो रही है। जिसमें चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड और आपातकालीन विभाग में स्थिति बेहद खराब हैं। एकतरफ जहां नियमित विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी है, वही इन पदों में भर्ती करने के बजाय जिला प्रशासन डीएफएफ मद के जरिए नौ डाक्टरों के पीछे मोटी रकम फूंक रही हैं। डीएफएफ के तहत नौ डाक्टरों की संविदा नियुक्ति की गई है। जिनका वेतन नियमित से कई गुणा अधिक हैं।

जानकारी अनुसार जिला अस्पताल में मेडिकल विशेषज्ञ के पांच पद स्वीकृत है, जिसमें एक ही नियमित हैं। दो एनएचएम मद से डाक्टर लिए गए है। एक डीएफएफ से है। इसमें एक पद रिक्त है। इसी तरह खीरोग विशेषज्ञ के पांच पदों में चार नियमित है, वहीं एक अनुबंधित डाक्टर से काम चलाए जा रहे है। इसी तरह शिशु रोग विशेषज्ञ के पांच पद में दो नियमित हैं, एक अनुबंधित से काम चल रहा है और दो एनएचएम से संचालित हो रहे है। रेडियोलाजिस्ट के चार पद में एक ही नियमित हैं, इसमें तीन पद खाली हैं।

निश्वेतना विशेषज्ञ के चार में एक पद नियमित और एक एनएचएम और एक डीएफएफ से कार्यरत है। जबकि एक पद खाली है। सर्जरी विशेषज्ञ के चार में तीन नियमित है और एक डीएफएफ से भर्ती किए गए हैं। ईएनटी (नाक, कान व गला) के तीन पद में दो। रिक्त है। जबकि इसकी सबसे ज्यादा डिमांड है। इसी तरह मनोरोग के दो पद में दोनों रिक्त है, जबकि यह गंभीर विषय से जुडा हैं। इस तरह जिला अस्पताल में स्वीकृत 46 पदों में 13 पद खाली है। जिसमें सीनियर साइंटिस्ट, क्लीनिकल माइक्रोबायोलाजिस्ट, क्लीनिकल साइकोलाजिस्ट, फोरेंसिंक विशेषज्ञ पद भी खाली हैं।

## एमडी डॉक्टरों की कमी के कारण आईसीयू, केज्यूअल्टी वार्ड में दबाव बढ़ा



### एक भी न्यूरो सर्जन और मनोरोग डॉक्टर नहीं

जिला अस्पताल में एक भी न्यूरो सर्जन नही हैं। न्यूरो सर्जन नही होने के कारण जिले के मरीजों को बाहर इलाज करना पड रहा हैं। वही मनोरोग के भी दो पदों में एक भी डाक्टर फिलहाल नहीं हैं। वही क्नीनिकल साइकोलाजिस्ट भी नही हैं। ऐसे में ज्यादातर मरीज नशा आदि से व्यथित हो रहे है। इसके बाद भी मनोरोग डाक्टरों का अभाव जिलेवासियों को खल रही हैं। ज्यादातर पद रिक्त होने से जिला अस्पताल प्रबंधन को एनएचएम पद से काम चलाना पड रहा हैं।

### मशीन चलाने कर्मचारी नहीं कई दिनों से बंद

जिला अस्पताल में फेफड़े की क्षमता जानने की स्पिरो मेटे नामक मशीन जो पिछले लंबे समय से बंद है। इसे चलाने एक्सपर्ट कर्मचारी नही होने के कारण इसका संचालन बंद पड़ा हुआ है। फेफड़े की रोगी इस सेवा से वंचित हो रहे है, प्राइवेट हॉस्पिटल मे इसकी जांच एक हजार में हो रही है। जबकि जिला अस्पताल में यह सेवा निशुल्क होती है। लेकिन कर्मचारी के अभाव में यह शोपीस बनी हुई हैं।0 समिति ने मांगे थे स्टाफ, भर्ती नहींजिला अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही है। हालांकि पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी ने संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने दूसरे ही दिन मनोरोग विशेषज्ञ और ओटी टेक्नीशियन की भर्ती करने निर्देश दिए थे। जिसके लिए विगत पन्द्रह अक्टुबर तक सीएमओ कार्यलय में आवेदन मांगे गए थे। डाक्टरों की भर्ती को लेकर जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर और मानद सदस्य प्रशांत डोंनगावकर द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर भर्ती की मांग की हैं। लेकिन भर्ती और रिक्त पद जस के तस हैं।

# बोर खनन के बाद गौठान में मवेशी नहीं रहेंगे प्यासे



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ पंचायत ने गौठान में कराया बोर खनन

पाटन ब्लॉक के ग्राम पंचायत निपानी में स्थित गौठान पर ग्राम पंचायत के द्वारा बोर खनन कराया गया है। बता दें कि ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए गौठान में बोर नहीं होने से मवेशियों को पानी नहीं मिलता था, साथ ही यहां पर रहने वाले मवेशियों को प्यासे ही रहना पड़ता था। अब बोर खनन के बाद गौठान में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत निपानी के सरपंच राजेश, उपसरपंच तोरण साहू, पंचगण संतोष साहू , विजय सिन्हा, वामन साहू, विनोद सारथी सूरजभान साहू, ग्रामवासी राहुल रघुवंशी, लोकेश सिन्हा, योगेश यादव, संतोष यादव मौजूद रहे।

## 5 जून को मनाया जाएगा पर्यावरण दिवस

■ होंगे विभिन्न कार्यक्रम तैयारी करने के निर्देश

**दुर्ग।** पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग प्रभारी काशीराम कोसरे ने समिति के सदस्य एवं अधिकारियों की बैठक लेकर 5 जून को वृक्षारोपण कर पर्यावरण दिवस मनाने की तैयारी करने निर्देश दिए। उन्होंने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस का अयोजन के संबंध में निर्णय गया। प्रभारी काशीराम कोसरे ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाराजा चौक से बोरसी तक साइकिल रैली कर बोरसी उद्यान में वृक्षारोपण किया जाएगा। प्रभारी ने कहा कि पर्यावरण दिवस के पूर्व बच्चों का चित्रकला एवं निबंध स्पर्धा पर्यावरण के विषय पर 2 जून को राजेन्द्र पार्क में आयोजित किया जाना है। जिसमें उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र निकाय की ओर से दिया जाएगा। वार्ड पार्षदों के अनुशंसा पर पर्यावरण से संबंधित कार्य में लगे पर्यावरण प्रेमी, लोगों या संस्था को सम्मान के साथ पर्यावरण किट प्रदाय किये जाने की अनुशंसा की गई। प्रभारी काशीराम कोसरे ने कहा कि वृक्षारोपण हेतु स्थल चिन्हांकित करने एवं ट्री-गार्ड बनाने अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रभारी के अनुमोदन पर प्रस्ताव पर चर्चा किया गया। वर्तमान परिवेश के दृष्टिगत वृक्षारोपण एक अत्यंत आवश्यक कार्य है।

# आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह का आगमन, कार्यकर्ताओं में उल्लास



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं प्रखर वक्ता संजय सिंह का रायपुर में भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में उत्साह एवं ऊर्जा की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर दुर्ग संभाग के अंतर्गत दुर्ग तथा राजनांदगांव लोकसभा से अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। राज्य संगठन मंत्री एवं दुर्ग संभाग प्रभारी संजीत विश्वकर्मा, प्रदेश संयुक्त सचिव देविंदर सिंह भाटिया, दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी बघेल, राजनांदगांव लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारीने अगवानी कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। दुर्ग जिला अध्यक्ष संजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश धीवर, अजय रामटेके, आनंद नरेरा, आशिफ खान, घनश्याम सोनी, सर्वजीत भाटिया, आरिफ खान, रामेश्वर रामटेक, रवि देवांगन, राजा ठाकुर, राजीव यादव, बेमेतरा जिला अध्यक्ष वीर वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



जिला दुर्ग के 42 स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन प्रत्येक माह के 9 एवं 24 तारीख को किया जाता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खतरे वाली गर्भवती माताओं का चिन्हांकन कर उन्हें जांच, उपचार, परामर्श प्रदान किया जाना है ।

जिले में मातृ मृत्यु दर को कम किए जाने हेतु इस अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें खतरे के लक्षण वाली गर्भवती महिलाएं जैसे एनीमिया, अधिक या कम बीपी, सिकलसेल, शुगर, पूर्व में अबॉर्शन, पूर्व में सिजेरियन प्रसव, जुड़वां बच्चे, कम ऊंचाई वाले, अधिक उम्र वाली महिलाओं या अन्य बीमारी से ग्रसित गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर विशेष जांच एवं परामर्श की सुविधा प्रदाय की जाती है । प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान दिवस पर खतरे वाली गर्भवती माताओं को जांच हेतु 102 महतारी एम्बुलेंस से लाया गया।

इस दिवस के आयोजन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ मनोज दानी के मार्गदर्शन एवं मातृत्व स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ अर्चना चौहान के नेतृत्व में विशेष कार्ययोजना बनाई गई। अभियान के दौरान संस्था में मदर पिकनिक का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती माताओं को अस्पताल, प्रसव कक्ष का भ्रमण कराया गया।

जिसके माध्यम से गर्भवती माताओं को प्रसव के पूर्व भय एवं आशंका को दूर किया जा सके। समस्त संस्थाओं में राज्य एवं जिलास्तर के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया, राज्यस्तर से डॉ मनीषा दमानी राज्य सलाहकार, नीलिमा कटरे, यूनिसेफ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी एवं धमधा का निरीक्षण किया गया।

# अधिवक्ताओं को ई-कोर्ट कंप्यूटर अवेयरनेस का दिया गया ऑनलाइन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



छत्तीसगढ़ राज्य ज्यूडिशल अकेडमी उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के कैलेंडर कार्यक्रम के अनुसार दुर्ग जिला एवं तहसील न्यायालयों के विद्वान अधिवक्ताओं के लिए ई-कोर्ट कंप्यूटर अवेयरनेस का एक दिवसी ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रधान जिला न्यायाधीश के. विनोद कुजूर के निर्देशानुसार ऑनलाइन आयोजित किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रशांत पाराशर की प्रत्यक्ष उपस्थिति तथा दीपक कुमार कोसले अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कंप्यूटर कमेटी की ऑनलाइन उपस्थिति में रिसोर्स पर्सन प्रमोद अचिंत्य, जिला सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर ने प्रशिक्षण प्रदान किया। तकनीकी सहयोग के रूप में तरुण चंद्राकर प्रोग्रामर उपस्थित रहे। गूगल मीट अप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थित रहते हुए लगभग 60 अधिवक्ताओं ने ई कोर्ट के विभिन्न उपक्रम तथा सुविधाओं के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# 1 जून से 24 घंटे सक्रिय रहेगा बाढ़ नियंत्रण कक्ष, राहत शिविरों की तैयारी शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ बाढ़ राहत एवं आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक

आगामी मानसून सत्र के दौरान संभावित भारी वर्षा और बाढ़ की आशंका को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सभाकक्ष में बाढ़ राहत एवं आपदा प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह ने की। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्यों के लिए समय रहते पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष सामान्य से अधिक वर्षा की संभावना है। ऐसे में सभी तहसीलों और नगरीय निकायों में कंट्रोल रूम की शीघ्र स्थापना और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर इसकी सूचना जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने कहा। बाढ़ संभावित क्षेत्रों में अस्थायी राहत शिविर पहले से चिन्हित कर लिए जाएं और वहां भोजन, चिकित्सा, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था पूर्ण कर लेने कहा। पिछले वर्ष दुर्ग और धमधा ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों तथा ननि दुर्ग के कुछ हिस्से आंशिक प्रभावित हुए थे। प्रशासन द्वारा ग्रामवार राहत टीमों का गठन कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पुनर्वासित किया गया था। इस वर्ष भी मानसून के दौरान आपदा से निपटने के लिए सभी अनु. अधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है।

## जलसंकट को लेकर महापौर ने ली अधिकारियों की बैठक

# फिल्टर प्लांट व इंटकवेल में नए मोटर पम्प लगाने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ निर्बाध बिजली सप्लाई के लिए भी बनाई गई योजना

शहर में पटरी पार व मध्य क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जल संकट होने तथा बार बार बिजली बंद होने से पेयजल आपूर्ति रुकने की समस्या को लेकर निगम महापौर अलका बाघमार ने डाटा सेंटर के कांफ्रेंस कक्ष में जलकार्य से संबंधित सभी विभागीय अधिकारियो की बैठक लेकर कामकाज की समीक्षा की। अधिकारियो को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

इस दौरान बैठक में इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के अधिकारियों को भी बुलाया गया था जिन्हें बेमौसम आंधी तूफान व बारिश के चलते बार-बार बिजली ठप्प होने से फिल्टर प्लांट में विद्युत अवरोध होने की समस्या से निजात दिलाने वैकल्पिक व्यवस्था बनाए जाने कहा गया। बैठक में जल कार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, विद्युत विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार सहित कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान सहित इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के एई राजेंद्र गिरी गोस्वामी, आलोक साहू, जलगृह उप अभियंता मोहित मरकाम, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर भी मौजूद रहे। बैठक में महापौर अलका बाघमार को जल प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन ने अपने विभाग की ओर से गर्मी और बेमौसम बारिश के चलते नियमित पेयजल आपूर्ति में आ रही तकनीकी समस्याओं से अवगत कराया।



### शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश

महापौर अलका बाघमार ने दोनो महत्वपूर्ण प्रस्ताव के स्वीकृति राशि के लिए शासन को भेजे जाने के निर्देश दिए है। समीक्षा बैठक में महापौर अल्का बाघमार ने जल कार्य विभाग से संबंधित सभी कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने निर्देशित करते हुए कहा की पाईप लाईन लिकेज तत्काल मरम्मत किया जाए और लिकेज के कारण टंकी भरने में दिक्कत हो रही वाल को भी शीघ्रता से बदला जाए ताकि शहर में पानी सप्लाई सुचारू रूप से जारी रह सके।

### मोटर पंप की क्षमता कम

विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि गर्मी में या बिजली बंद होने पर जिन क्षेत्रों में लो प्रेशर की शिकायत सामने आ रही है इसका 2 मुख्य कारण है जिसमे पहला फिल्टर प्लांट से टंकी भरने की लाईन में वाल का बड़ा लिकेज है जिसे जल्द बदला जाना है और दूसरा कारण रायपुर नाका स्थित 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में मोटर पम्प की क्षमता कमजोर होना है, चूंकि अमृत मिशन के तहत अनेक नई टंकिया बनी है जिन्हे भरने वर्तमान में चल रही पंप की क्षमता कमजोर है। इसके लिए 3 करोड़ 50 लाख की लागत से नए मोटर पम्प खरीदने का प्रस्ताव तैयार किया गया। जिसमे उक्त प्लांट में 120 एचपी के तीन नए मोटर तथा शिवनाथ नदी इंटवेल में 4 नए पंप लगाने प्रपोजल तैयार किए गए है। वहीं आंधी तूफान के कारण जो बिजली चली जाती है व टंकियों में पानी नही भर पाता इसके लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा पुलगांव से फिल्टर प्लांट तक लगभग 10 किलोमीटर दूरी की सेपरेट फीडर से विद्युत प्रदाय करने करने का सुझाव दिया गया।

**खबर संक्षेप**

## उन्नति ने 10वीं में 95.5% अंक हासिल की

**भिलाई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कपसदा के विद्यार्थी उन्नति यादव पिता स्व. सोनू यादव, माता त्रिवेणी यादव



द्वारा कक्षा दसवीं में 95.5 % अंक अर्जित कर ग्राम कपसदा व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कपसदा को गौरवान्वित किया। जिसके लिए पूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष डामल दास मानिकपुरी, उपाध्यक्ष नोहर दास मानिकपुरी, शशि प्रकाश निर्मल, संतोष निर्मल, चेतन साहू द्वारा उन्नति यादव के घर मुलाकात कर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

**निधन**

## गुरुचरण कौर भाटिया

**भिलाई।** गंजपारा, पुलगांव नाका दुर्ग निवासी गुरुचरण कौर भाटिया



का निधन 25 मई को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 मई सोमवार को सुबह 11 बजे निवास स्थान संदीप सदन गंजपारा दुर्ग से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. बाबू रावेल सिंह की पत्नी थीं। वे अपने पीछे डॉ. वरजीत सिंह भाटिया, डॉ. गुरशरण सिंह भाटिया, गुरदीप सिंह भाटिया, दिलबाग सिंह भाटिया सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

### पीए मोदी ने मन की बात की 122वीं कड़ी में अपनी बातों को रखा

# बस्तर के लोग बड़े साहसी, चुनौतियों के बीच करते हैं जीवन यापन, शिक्षा में बढ़ रहे आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत रविवार को स्टेशन मरोदा में बूथ नम्बर 196 वार्ड 21 पर दुर्ग ग्रामीण विधायक राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यकर्ताओं के साथ सुना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात की 122वीं कड़ी में देश के सामने अपनी बातों को रखा। मन की बात की ये कड़ी छत्तीसगढ़ के लिए काफी खास रही। प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किए जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि जिस दंतेवाड़ा में कभी माओवाद चरम पर था, वहां आज शिक्षा का परचम लहरा रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ में हुए बस्तर ओलंपिक और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में साइंस लैब के बारे में जिक्र किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों में साइंस का पैशन है और वो खेलों में भी कमाल कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने बस्तर क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा है कि इस तरह के प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। इन लोगों ने तमाम चुनौतियों के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे यह जानकार भी बहुत खुशी हुई कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में दंतेवाड़ा जिले के नतीजे बहुत शानदार रहे हैं। करीब पंचानबे प्रतिशत रिजल्ट ये जिला 10वीं के नतीजों में टॉप पर रहा। वहीं 12वीं की परीक्षा में इस जिले ने छत्तीसगढ़ में छठा स्थान हासिल किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से बस्तर क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे बदलाव हम सभी को गर्व से भर देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा मन की बात की 122वीं कड़ी में बस्तर क्षेत्र और दंतेवाड़ा का जिक्र करने पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है और कार्यकर्ताओं से निवेदन किया एक देश एक चुनाव के लिए देश के राष्ट्रपति को अपने वार्डवासी की ओर से पत्र लिखना है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शैन्डे, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र निर्मलकर, बूथ अध्यक्ष टिकेश्वरी चंद्रवंशी, बूथ सचिव प्रेमीन साहू, लक्ष्मी नंदेश्वर, महिला प्रमुख सत्यभामा विश्वकर्मा, सूरज निहाल, दीनदयाल साहू, डामन सार्वा, सावित्री देशलहरे, चैती बाईं निषाद आदि उपस्थित थे।

**स्टेशन मरोदा के वार्ड 21 पर लोगों ने सुनी मन की बात**



### ऑपरेशन सिंदूर हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है: सुरेंद्र

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति माह के अंतिम रविवार को मन की बात का कार्यक्रम आयोजित इसी कड़ी में 122 वे संस्करण का प्रसारण किया गया। दुर्ग जिले में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन में बुथों पर मन की बात का कार्यक्रम श्रवण किया गया जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक दुर्ग शहर विधानसभा के वार्ड क्रमांक 23 दीपक नगर के बूथ क्रमांक 57 में मन की बात सुनी। उनके साथ शहर महापौर अलका बाघमार, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता रत्नेश चंद्राकर, राम पाटणकर, पार्षद मनोज सोनी, मन की बात कार्यक्रम दुर्ग शहर विधानसभा प्रभारी राहुल पंडित, पूर्व पार्षद मीना सिंह, बुथ अध्यक्ष चंद्रशेखर शास्त्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सदैव प्रेरणाप्रद होती है। इस बार उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और आक्रोश से भरा हुआ है संकल्प बद्ध है । मन की बात श्रवण करने वालों में निवृत्तमान राजेंद्र पाध्ये, दिलीप साहू, विनायक नातू अरविंद खुराना, कांतिलाल जैन जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं मंत्री पवन शर्मा, दीपक चोपड़ा, आशीष निमजे, सह कोषाध्यक्ष निलेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, सह कार्यालय मंत्री अनूप सोनी, प्रवक्ता दिनेश देवांगन, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, राकेश दुग्गड, रजनीश श्रीवास्तव, आईटी सेल जिला संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत आदि मौजूद थे।



## पेयजल समस्या से जूझ रहे अमलेश्वर में वार्ड 8 के रहवासी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

अमलेश्वर के दुर्गा नगर भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 8 जो कि पार्षद डोमन यादव के क्षेत्राधिकार में आता है, इस समय भीषण जल संकट से जूझ रहा है। तेज़ गर्मी और लगातार गिरते भूजल स्तर के चलते क्षेत्र में नलों और बोरवेल से पानी आना बंद हो गया है, जिससे सैकड़ों परिवार पीने के पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह से ही पानी भरने के लिए लंबी लाइनें लग जाती है और कई बार पूरे दिन इंतजार करने के बावजूद पानी नहीं मिल पाता। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को इस भीषण गर्मी में सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पार्षद डोमन यादव और नगर पालिका अधिकारियों द्वारा वार्ड में निरीक्षण किया गया। पार्षद ने आश्वासन दिया कि समस्या के समाधान के लिए जल्द ही वैकल्पिक पानी आपूर्ति जैसे टैंकर भेजना और नए बोरवेल खुदवाने जैसे कदम उठाए जाएंगे। स्थानीय निवासी संजय वर्मा ने कहा कि हर साल गर्मियों में यही हाल होता है, लेकिन इस बार तो हालात और भी खराब हो गए हैं। अगर समय पर ध्यान नहीं दिया गया तो बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है। वार्ड के नागरिकों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से स्थायी समाधान की मांग की है ताकि हर साल गर्मी में यह परेशानी ना हो। प्रशासन और संबंधित विभाग से अपील की है कि भक्त माता कर्मा वार्ड 8 के नागरिकों को त्वरित राहत पहुंचाई जाए और भविष्य के लिए ठोस योजना बनाई जाए।

- **वार्ड के नागरिकों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से स्थायी समाधान की मांग की**

## धान की पैदावार कम हो इसलिए किसानों को बांट रहे कम पैदावार वाली खाद : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



विधानसभा क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति सांकरा, जामगांव(एम) व तर्रा का जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर ने किसानों से लगातार मिल रहे शिकायत को देखते हुए शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि समितियों में डीएपी खाद जो किसानों को अधिकतम पसंद है व डीएपी खाद से ही किसानों को सबसे ज्यादा पैदावार होता है उस खाद को धीरे-धीरे बंद करने जा रही है। कुछ समितियों को ही छोड़कर अधिकतम में डीएपी खाद उपलब्ध नही है। ठाकुर ने जब इस संबंध में समितियों से जानकारी लिया तब मालूम हुआ कि किसानों के न चाहते हुए भी डीएपी की जगह जबरदस्ती एनकेपी खाद किसानों को दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान के उपस्थित किसानों ने जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर को बताया कि डीएपी खाद अधिकतम पैदावार देने वाला खाद है जिसे शासन साजिशवश बंद कर एनकेपी खाद जबरदस्ती किसानों को दिया जा रहा है, जिससे किसानों को सीधा सीधा 25 से 30 प्रतिशत पैदावार कम होता है। मौके पर जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने जिला खाद्य अधिकारी से फोन पर बात किया। इस पर जिला खाद्य अधिकारी का कहना था कि बाकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में डीएपी का शॉर्टेज चल रहा है इस वजह से किसानों को डीएपी का खाद नही मिल रहा है।

जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने शासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर किसानों को जबरदस्ती कम पैदावार वाली खाद पकड़ा रही है जिससे किसानों को सीधा-सीधा 25 से 30 प्रतिशत तक कम पैदावार प्राप्त होगा जो भाजपा सरकार की सोंची समझी रणनीति है। भाजपा सरकार स्पष्ट रूप से चाहती है किसानों की फसल का पैदावार कम हो ताकि धान खरीदी कम मात्रा में करना पड़े। अंतरराष्ट्रीय बाजार में शॉर्टेज कहना एक बहाना है। सरकार के इस रवैये से किसान नाराज है, किसान उचित व सही पैदावार वाला खाद का राह देख रही है। इस दौरान समारू सिंगौर, प्रेमलाल सिंगौर, रामशरण बंधे, दुलार चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

- **धान खरीदी न करना पड़े इसलिए सरकार कर रही साजिश**

## छत्तीसगढ़ पंडवानी भवन शिलान्यास और प्रशिक्षण केंद्र संचालित करने लिया निर्णय

**पाटन।** छत्तीसगढ़ी पंडवानी कला मंच अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पंडवानी कलाकार चेतन देवांगन ने बताया कि पंडवानी पुरोधा झाड़ू राम देवांगन के 23वीं पुण्यतिथि 14 जून को ग्राम पाहंदा (अ) ने पंडवानी भवन का शिलान्यास करते हुए पंडवानी प्रशिक्षण केंद्र संचालित करने का निर्णय लिया गया है। देवांगन ने कहा है कि 55 वर्ष की यात्रा में 11 शिष्यों को सिखाया है । आने वाली पीढ़ियां के लिए वाचिक परंपरा को जीवंत बनाए रखना और इस विधा को अक्षुण्य बनाए रखना ही उद्देश्य है। संस्था की ओर से छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री से पंडवानी भवन निर्माण के लिए 20 लख रुपए की मांग किया गया है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पंडवानी कलाकार देश-विदेश में परचम लहराया है। किंतु कहीं भी विद्या के प्रशिक्षण केंद्र व पंडवानी भवन नहीं है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति धरोहर पंडवानी कला के आदि पुरुष झाड़ू राम देवांगन, पद्मश्री पुनाराम निषाद, पद्म भूषण डॉ.तीजन बाई के नाम को अजर अमर करने के लिए शासन से भूमि की मांग एवं पंडवानी भवन के अभाव में असुविधा महसूस हो रही है। देवांगन समाज द्वारा ऐसे महान कलाकार के पुण्य स्मृति में जिला स्तरीय आठवीं में प्राविण्य सूची के छात्र-छात्राओं का सम्मान करने का 14 जून 23 वीं पुण्यतिथि में रखा गया है। हमारी संस्था ने निर्णय लिया है कि पंडवानी पुरुष एवं पुरोधा के लिए समर्पित भाव से पंडवानी परिवार की ओर से वरिष्ठ पंडवानी कलाकार चेतन देवांगन के गृह ग्राम पाहंदा (अ)में बैठक आहुत कर अग्रिम कार्यक्रम के लिए प्रेषित किया गया है।



- **झाड़ू राम देवांगन के 23 वीं पुण्यतिथि व पंडवानी भवन शीलान्यास कार्यक्रम 14 जून को**

## डंगनिया-परसदा सड़क नवीनीकरण के लिए बजट प्रक्रिया में पूर्ण करने का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा







डंगनिया से परसदा रेलवे चौकी तक के सड़क जो कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बना था जिनकी स्थिति काफी जर्जर है उनके नवीनीकरण के लिए पूर्व विधायक बीरेंद्र साहू, जनपद पंचायत के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर व भाजपा मंडल ओटबंद के अध्यक्ष कुलदीप साहू ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के संभाग कार्यालय कुरूद में संभाग प्रमुख व अधीक्षण अभियंता से इस विषय पर मुलाकात कर चर्चा की। वहीं रोड के तत्काल नवीनीकरण के लिए मांग किया गया। इस पर संभाग प्रमुख ने प्राथमिकता से इस कार्य को शामिल किया और जून-जुलाई में बजट आते ही इस कार्य को तत्काल पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस पर क्षेत्र के सरपंचगण सत्यवती साहू परसदा, इंद्रजीत चंद्राकर सिरसिदा, हेमंत साहू अर्जुनी, रामेश्वरी चंद्राकर गोरकापार व सभी क्षेत्रवासियों ने आभार जताया।

- **संभाग प्रमुख व अधीक्षण अभियंता से की चर्चा**

### आवागमन में क्षेत्रवासियों को होगी सुविधा

इस पर पूर्व विधायक बीरेंद्र साहू ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता विगत 5 वर्षों से इस मांग कर रहे थे। वहीं सड़क बनने पर आवागमन सुगम होगा इसके लिए सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी। जनपद अध्यक्ष पुरषोत्तम लाल चंद्राकर ने कहा कि यह सड़क बनने से ओटेबन्द मंदिर व बैंक आने जाने वालों को तथा सिरसिदा गोरकापार के निवासियों को गुंडरदेही, अर्जुन्दा व दुर्ग जाने में सुविधा होगी। मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू ने कहा कि परसदा में धान खरीदी केंद्र है जिसमे अर्जुनी, सिरसिदा के किसान आते हैं और हाइस्कूल के बच्चों को भी आने जाने में सुविधा होगी।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स के नए शो रूम का भव्य शुभारंभ



**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के नए शो रूम का भव्य शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि तिमिरेन्दु शेखर सिंह एवं विशेष अतिथि निज सहायक मुख्यमंत्री तुलसी कौशिक, सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अल्का बाघमार, भाजपा दुर्ग जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ दिल्ली संतोष साहू एवं गणमान्य नागरिक सराफा अध्यक्ष प्रकाश सांखला, ओम सोनी, अजय सोनी, धर्मेन्द्र सोनी, करतार सिंह अलरेजा, अधिवक्ता विजय शर्मा, अधिवक्ता नागेंद्र शर्मा, अध्यक्ष इंदिरा मार्केट मितेश पटेल, अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल अहिवारा विस नरोत्तम कुमार, अधिवक्ता रविशंकर मानिकपुरी, अनिल साहू, अजय दुबे आदि का गरिमामय उपस्थिति रहा। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई



**अंडा।** पुण्यश्लोक लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती के अवसर पर स्वच्छता कार्यक्रम में भगवान विष्णु धाम मंदिर ओटेबंद मंदिर प्रांगण में स्वच्छता कार्यक्रम किया गया। जिसमें उपस्थित जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, ओटेबंद मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, महामंत्री तुलेश्वर (संजू) चंद्राकर, मंडल उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी सरपंच प्रमोद पटेल, महामंत्री ओटेबंद मंडल कार्यकारिणी सदस्य पुखराज निर्मलकर, ईश्वर यदु, अगेश यादव, लोकेश साहू, लोकेश चंद्राकर, ओटेबंद सरपंच जीवन साहू, इंद्रजीत चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, हीरालाल साहू, राहुल, किशोर साहू, धर्मेंद्र धनकर, अनूप साहू, उत्तम साहू एवं मीडिया प्रभारी ओटेबंद मंडल हरि सिंह मौर्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सहायिका रामेश्वरी के परिवार से मिले पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज



**निकुम।** ग्राम निकुम केन्द्र क्रंमाक 2 में सहायिका रामेश्वरी साहू का तालाब में विराजित शिवमंदिर में पूजा करने के दौरान आंधी तूफान चलने से उसके उपर पेड़ की गिरने से मौत होने की दुखद खबर लगते ही दुर्ग ग्रामीण विधान सभा के पूर्व विधायक व मंत्री रहे ताम्रध्वज साहू सहित कई कांग्रेसी नेता मृतिका रामेश्वरी साहू के शोकाकुल परिवार में परिजनों को दुख की घड़ी में सांत्वना देते हुए मृतिका को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मैं सबसे पहले परिवारिक रिश्ता निभाता हूं। भगवान पूरे परिवार को इस परिवार को दुख की घड़ी में संबल दे। वहीं शोक परिवार को शासन-प्रशासन की सभी योजना का लाभ मिले,जिसमें मृतिका के पति रिकी साहू व पूरा परिवार की आंखे नम हो रही। वहीं ग्राम पचांयत निकुम सरपंच भागवत पटेल भी सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। वही उसके घर भी जाकर सरपंच पटेल का स्वास्थ्य हाल जाना। गौर हो कि पूरे विधानसभा दुर्ग्रगामीण क्षेत्र के गांव-गांव में जाकर ग्रामीणों से मिलकर समस्याओं अवगत हो रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, पूर्व सेवा सहकारी समिति निकुम अध्यक्ष धरमदास साहू सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### महार समाज का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन आयोजित

# समाज के माध्यम से ही व्यक्तित्व का होता है विकास : ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

उतई कॉलेज मैदान में महार समाज का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन हुआ। मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल और क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर थे।

- **समाज को संगठित और प्रजातंत्र में सबकी हिस्सेदारी होनी चाहिए**

उन्होंने कहा कि समाज को संगठित होना चाहिए और प्रजातंत्र में सबकी हिस्सेदारी होनी चाहिए। समाज में महिलाओं की हिस्सेदारी समान होनी चाहिए।

आज की नारी समान रूप से आगे बढ़ रही हैं। महतारी वंदन योजना से सशक्त हो रही है। सरकार के अनेक योजनाओं के बारे में समाज को बताया। समाज के माध्यम से ही व्यक्तित्व का विकास होता हैं। साथ-साथ राजनीति में सबका अधिकार होना चाहिए। समाज के लोगों को बराबर की हिस्सेदारी लेने बात कही। उक्त कार्यक्रम में समाज के अशोक चांद ने समाज के लोगों को राजनीति में टिकट देने बात कही। सांसद विजय बघेल ने नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू को भवन के लिए जगह चयन कर जल्दी निर्माण करने बात कही। विधायक चंद्राकर के द्वारा भवन निर्माण के लिए समाज को वादा किया कि महार समाज का भवन उतई में होगा ताकि समाज के लोगों को सामाजिक आयोजनों में परेशानी नहीं होगी। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, पार्षद अनिता गढ़े, संगीत रजक, लता सोनवानी और सभी पार्षद थे। समाज के केंद्रीय पदाधिकारी और आयोजक उतई परगना के नीलम गढ़े, पियूष गंभीर, नीरज कामड़े, प्रेमसागर गौतम, विनोद सोनी, विमला कामड़े, लता अंगारे, चंद्रकला गौतम आदि मौजूद थे।



# पटना चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन का हुआ विस्तार, एक अगस्त तक चलेगी

## गर्मी में यात्रियों को कंफर्म बर्थ देने के लिए चल रही है यह ट्रेन, दुर्ग स्टेशन भी पहुंचेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफ़र्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पटना-चर्लपल्ली-पटना के मध्य 18 फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन के परिचालन विस्तार किया गया है। यह ट्रेन 28 मई तक यानी तीन दिन और चलनी थी। रेलवे ने इसका विस्तार करते हुए 1 अगस्त तक बढ़ा दिया है। इन स्पेशल ट्रेनों में 2 एसएलआरडी, 6 जनरल, 12 स्लीपर, 2 एसी-थ्री, 2 एसी-टू सहित कुल 24 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### हर सोमवार व बुधवार को है ये ट्रेन

गाड़ी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्ली द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, पटना से 28 मई प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को चल रही है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07255 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 28 मई तक प्रत्येक बुधवार को तथा गाड़ी संख्या 07256 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 30 मई प्रत्येक शुक्रवार को चल रही थी। इस गाड़ी का विस्तार 1 अगस्त तक किया गया है।



### ट्रेन की नई समय सारिणी

गाड़ी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्लि द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, पटना से 28 मई से 30 जुलाई, 2025 तक (22 फेरा) प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को दोपहर 15.00 बजे रवाना होगी तथा दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली स्टेशन बिलासपुर में आगमन 07.40 बजे, प्रस्थान 07.45 बजे, रायपुर आगमन 09.43 बजे, प्रस्थान 09.45 बजे, दुर्ग आगमन 10.10 बजे, प्रस्थान 10.20 बजे, गोंदिया आगमन 12.50 बजे, प्रस्थान 12.55 बजे होते हुये प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को 03.30 बजे चर्लपल्लि स्टेशन पहुंचेगी।

### ये ट्रेन चलेगी बुधवार व गुरुवार

गाड़ी संख्या 07255 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 28 मई से 01 अगस्त तक प्रत्येक बुधवार को 23.00 बजे रवाना होगी तथा दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली गोंदिया स्टेशन आगमन 11.40 बजे, प्रस्थान 11.45 बजे, दुर्ग आगमन 13.50 बजे, प्रस्थान 14.00 बजे, रायपुर आगमन 14.33 बजे, प्रस्थान 14.35 बजे, बिलासपुर में आगमन 16.45 बजे, प्रस्थान 16.50 बजे होते हुये प्रत्येक शुक्रवार को 11.30 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी।

### शुक्रवार को इस तरह शेडयूल

गाड़ी संख्या 07256 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 28 मई से 1 अगस्त, 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को 21.00 बजे रवाना होगी तथा दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक शनिवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली गोंदिया स्टेशन आगमन 09.40 बजे, प्रस्थान 09.45 बजे, दुर्ग आगमन 11.50 बजे, प्रस्थान 12.00 बजे, रायपुर आगमन 12.33 बजे, प्रस्थान 12.35 बजे, बिलासपुर में आगमन 14.45 बजे, प्रस्थान 14.50 बजे होते हुये प्रत्येक रविवार को 09.30 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी।

### इन स्टेशनों पर रूकेगी ट्रेनें

इन गाड़ियों के वाणिज्यिक ठहराव - रास्ते में ये गाडियाँ दोनों दिशाओं में तारेगना, जहानाबाद, गया, कोडरमा, पारसनाथ, गोमोह, बोकारो, रांची, हटिया, राऊरकेला, झारसुगुड़ा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुर काघदनगर, बेल्लंपल्ली, पेद्दापल्ली तथा काजीपेट स्टेशनों पर रुकेगी।

## खबर संक्षेप



### यूटिलिटी जोन के बीएसपी कर्मियों को शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के यूटिलिटी ज़ोन के चार कर्मियों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (यूटिलिटी) अनिल कुमार जोशी ने की। इस अवसर पर आयोजित समारोह में दिसंबर 2024 के लिए इंजीनियरिंग एसोसिएट (पीएलईएम) शुक्ला प्रसाद खरे, जनवरी 2025 के लिए जूनियर इंजीनियर (एसीडब्ल्यूई) मिलिंद कुमार श्यामकुवर, फरवरी 2025 के लिए जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट (जल प्रबंधन) पियूष यादव एवं मार्च 2025 के लिए जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट हरतोष कुमार पाण्डेय को शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अनिल कुमार जोशी ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उनके कार्य के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे पुरस्कार न केवल कर्मियों के योगदान को मान्यता देते हैं, बल्कि अन्य कर्मचारियों को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से बीएसपी अधिकारी ए. बनर्जी, एसके बेहरा, एमवी बाबू, पीसी बाग, अरुण शेंडे, मुरली मनोहर पांडेय, मोहम्मद नदीम खान, एच. प्रतिभा सहित अन्य उपस्थित थे। समारोह में पुरस्कार विजेताओं को प्रवीण्ता प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और कार्मिक के जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

## सालभर से बंद पड़े फ्लाईओवर का शुरु हुआ मरम्मत कार्य

# मेन और बोरिया गेट रोड पर भारी वाहनों से अब जल्द मिलेगी मुक्ति



**सेक्टर एक मुर्गा चौक से सेक्टर 4 चौक तक फ्लाईओवर का होना है काम**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में जल्द ही ट्रैफिक का दबाव कम होगा। खासकर खुर्सीपार गेट से मेन गेट और बोरिया रोड पर आवागमन सुगम हो जाएगा। एक साल से बंद पड़े सेक्टरी इलाके के एकमात्र सेक्टर एक फ्लाईओवर का अधूरा मरम्मत काम शुरु हो गया। इसके शुरु हो जाने भारी वाहनों का दबाव कम हो जाएगा। सुबह भारी वाहनों से जाम के हालात नहीं रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सेक्टर एक मुर्गा चौक से सेक्टर 4 चौक तक करीब डेढ़ साल पूर्व निर्मित फ्लाईओवर के बचे रिपेयर के लिए आवागमन बंद कर दिया गया था। इससे खुर्सीपार चौक रोड, मेन गेट व बोरिया गेट उतई रोड पर बीएसपी के भारी वाहनों के चलते टाउनशिप में सुबह आवागमन का लोड बढ़ गया था। वहीं ब्रिज के बंद होने से इसके ऊपर कई तरह की अराजक गतिविधियां भी बढ़ गई थीं। बीएसपी द्वारा सेक्टर 1 चौक से लेकर सेक्टर 3 होते हुए सेक्टर 4 चौक तक इस नए फ्लाईओवर का निर्माण 2011-12 में कराया गया था। इसका उद्देश्य खुर्सीपार गेट व बोरिया गेट से प्लांट आने जाने वाले भारी वाहनों को ऊपर से निकालना था, ताकि सड़क पर ट्रैफिक का लोड कम हो। कुछ साल तक अधूरे पड़े रहने के बाद डेढ़ साल पूर्व इस ब्रिज के निर्माण होने पर आवागमन शुरु हो जाने से राहत भी मिली थी। लेकिन बंद हो जाने ने सुबह खुर्सीपार गेट और मेन गेट रोड के सामने भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ने से ट्रैफिक की समस्या बढ़ रही थी।

### दस साल में दो बार हुआ आवागमन बंद

बीएसपी द्वारा एक साल से बंद बड़े इस फ्लाईओवर के बचे हुए मरम्मत कार्य को अब शुरु कर दिया गया। सेक्टर 3 भट्ठी थाना के करीब ब्रिज का मरम्मत कार्य किया जा रहा है। पूरा मरम्मत कार्य पूर्ण हो जाने से भारी वाहनों के ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल जाएगी। गौरतलब हो कि इस ओवरब्रिज को पिछले दस साल के दौरान दो बार बंद किया जा चुका है। पहले स्लैब का एक हिस्सा ढहने और फिर इसके बाद सालभर पूर्व इंजीनियरों की बचे हिस्से की मरम्मत का मरम्मत कराने के सुझाव पर आवागमन रोका गया।

### वीरान फ्लाईओवर बन गया था मौज का अड्डा

लंबे समय से फ्लाइओवर पर आवागमन बंद हो जाने से यह आवारा लड़के लड़कियों के लिए मौज मस्ती का सुरक्षित अड्डा बन गया था। ब्रिज के दोनों ओर बेरीकेट्स लगे होने से शाम होते ही प्रेमी युगल जोड़े और शराबप्रेमी निश्चिंत होकर अपनी मौज मस्ती में बेसुध रहते हैं। अलग अगल ग्रुपों में आवारा युवक युवतियां गलबहियां और शराबनोशी करते देखे जाते हैं। इस दौरान नशे में नीचे शराब की बोतले फेकने आपस में गालीगलौच झगड़े होने से रहवासी परेशानी हैं। करीब ही भट्ठी थाना स्थित है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि अब फ्लाईओवर का मरम्मत कार्य शुरु होने व जल्द पूर्ण हो जाने से आवागमन के साथ असामाजिक तत्वों के जमघट से मुक्ति मिल जाने की उम्मीद है।

# ईडी वर्क्स स्तरीय सेफ्टी क्विज स्पर्धा में कर्मियों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर-एलएंडडी केंद्र में ईडी (वर्क्स) प्लांट स्तरीय सेफ्टी क्विज़ प्रतियोगिता का समापन हुआ। यह प्रतियोगिता संयंत्र में सुरक्षा जागरूकता को कार्यस्थल के हर स्तर तक पहुँचाने हेतु आयोजित की गई, जिसमें संविदा कर्मियों की व्यापक भागीदारी देखी गई। इस प्रतियोगिता की थीम सुरक्षा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी की साझी भागीदारी हो-चाहे वह शीर्ष प्रबंधन हो या शॉप फ्लोर का कर्मचारी थी।

- प्लांट स्तरीय सेफ्टी क्विज़ प्रतियोगिता का समापन

प्रतियोगिता का उद्देश्य संयंत्र में सुरक्षा संस्कृति को केवल दस्तावेज़ों में सीमित न रखते हुए जमीनी स्तर पर कर्मियों, विशेषकर संविदा श्रमिकों के व्यवहार और सोच में उतारा जाना था। प्रतियोगिता में विजेता के रूप में मेसर्स इनोमोटिक्स (एसएमएस-3) के अक्रश उपाध्याय एवं मनीष को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मेसर्स सरकार एंटरप्राइज़ और मेसर्स धीरज ट्रेडर्स (सीओ एंड सीसीडी) के असीम खान एवं हरिशंकर की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जबकि मेसर्स एसकेएफ (यूआरएम) की टीम- राहुल एवं पंकज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विजेता टीमों सहित सभी ज़ोनल विजेताओं को कार्यपालक निदेशक (संकार्य) श्री राकेश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। बीएसपी अधिकारी अवनीश दुबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 1500 संविदा कर्मियों ने विभागीय स्तर पर भाग लिया। इसके उपरांत चार ज़ोन, स्टील ज़ोन (एसएमएस-2), आयरन ज़ोन (बीएफ-8), मिक्स ज़ोन (पीबीएस), और मिल्स ज़ोन (बीआरएम) में 13 से 16 मई के मध्य ज़ोनल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें 75 टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें से चयनित 12 श्रेष्ठ टीमों ने 22 मई को आयोजित प्लांट स्तर के फिनाले में भाग लिया, जिसमें लिखित परीक्षा और दो ऑडियो-विज़ुअल राउंड आयोजित किए गए। इस अवसर पर एक वीडियो भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की प्रतिक्रियाएं, ज़ोनल झलकियाँ और अनुभवों को साझा किया गया। इसने कार्यक्रम को एक प्रेरणादायक आयाम प्रदान किया।

# एसटीएससी अफसरों को दी जा रही खराब ग्रेडिंग, एसोसिएशन ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बीएसपी एसटीएससी एप्लाइज एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष कोमल प्रसाद के नेतृत्व में बीएसपी अधिकारी रोहित हरित से मिला। इस दौरान कार्यपालक निदेशक एचआर के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। इसमें अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने कहा कि एससी, एसटी अधिकारीयों को खराब ग्रेडिंग दी जा रही है। ऐसी बहुतायत शिकायतें एसोसिएशन के पास आई हैं। हमारे अधिकारी अधिकतर हॉर्ड शॉप में कार्य करते हुए विषम परिस्थितियों में भी अपना 100% प्रतिशत देकर संयंत्र को नई उचाइयों पर ले जाने में योगदान दे रहे हैं, परन्तु जब ग्रेडिंग की बात आती है, तो इनको उचित ग्रेड न देकर नाइंसाफी की जाती है। इसका प्रभाव इनके प्रमोशन और पीआरपी पर पड़ता है, जिस कारण मानसिक व आर्थिक रूप मे नुकसान उठाना पड़ता है। एसोसिएशन ने मांग की है कि एससी, एसटी अधिकारियों का पिछले 5 वर्षो का ग्रेडिंग रिकार्ड एसोसिएशन को उपलब्ध कराया जाए। ऐसे ही हालत जवाहर लाल नेहरू मुख्य चिकित्सालय सेक्टर 9 का भी है, वहां से भी ग्रेडिंग को लेकर शिकायत एसोसिएशन को मिली है। ग्रेडिंग खराब कर 8- 9 साल तक प्रमोशन से वंचित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध मे जल्द ही एसोसिएशन का प्रतिनिधि मण्डल उच्च अधिकारियों से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराएगा। कोमल प्रसाद ने कहा कि हमने प्रबंधन से मांग की है कि आगामी प्रमोशन में एससी, एसटी अधिकारियों को पदोन्नति दी जाए। प्रतिनिधि मण्डल में महासचिव विजय कुमार और कोषाध्यक्ष अनिल खेलवार शामिल थे।

# मुरमुंदा में मुख्यमंत्री साय का साहित्यकारों ने किया स्वागत

**भिलाई।** लिमतरा के पास मुरमुंदा भाठा में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने साहित्यकारों से मुलाकात की। साहित्यकारों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। साहित्यकार परदेशीराम वर्मा के नेतृत्व में साहित्यकार मुख्यमंत्री से मिले। उन्होंने मांग रखी कि क्षेत्र में छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड नई कॉलोनी बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने क्षेत्र के साहित्यकार और कलाकार को भी आमंत्रित किया। वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के सबसे सियान विधायक हैं। उन्होंने क्षेत्र के साहित्य कला जगत की ओर से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के स्वागत हेतु नेवता दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को वर्मा ने अपनी नई पुस्तक और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर कलाकारों में महेश वर्मा, राजेन्द्र साहू नीतीश और मनहरन साहू ने मिलकर सम्मान किया। मुरमुंदा के हाई स्कूल को हायर सेकण्डरी स्कूल का दर्जा दिलाने पर विधायक का आभार व्यक्त किया गया। गिरहोला गांव में मिनी गिरौदपुरी के रूप में पुण्य स्थल स्थापित कर रहे हैं। इसके लिए भी अभिवादन किया गया।



# पुरानी कार्यकारिणी को 3 साल के लिए दोबारा मौका, राजेंद्र परगनिहा बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई लोक सृजन समिति की वार्षिक सामान्य आमसभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राजेंद्र परगनिहा को दोबारा अध्यक्ष चुना गया। इससे पहले परगनिहा के स्वागत भाषण के बाद महासचिव पीआर वर्मा ने समिति का वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया। कोषाध्यक्ष बीपी राजपूत ने समिति के वार्षिक आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। इसके बाद अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। आगे मई 2025 से 03 वर्षीय अवधि में 2028 तक के लिए नई कार्यकारिणी के गठन हेतु प्रजातांत्रिक तरीके से विधि समझ चुनाव कराने के लिए प्रस्ताव रखा। समिति के निर्वाचन कार्यक्रम हेतु मार्गदर्शन वरिष्ठ कल्याण मंच भिलाई के अध्यक्ष डीपी राय को मुख्य चुनाव अधिकारी एवं उनके महासचिव राम लखन मिश्रा को उपचुनाव अधिकारी बनाया गया। उन्हें आम-सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत से यह निर्णय दिया कि समिति के पूर्व कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी को अगले कार्यकाल 3 वर्ष के लिए पुनः सर्वसम्मति से निर्वाचित करने का निर्णय दिया गया।

- लोक सृजन समिति की वार्षिक आमसभा बैठक में लिया गया निर्णय




### चुनाव अधिकारी ने घोषित किए नई कार्यकारिणी सदस्यों के नाम

बैठक में प्रक्रिया के अध्यक्ष राजेंद्र परगनिहा, उपाध्यक्ष पीसी शर्मा, महासचिव पीआर वर्मा, संयुक्त सचिव शारदा रामटेक एवं राजेंद्र कुमार शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गजानंद चौधरी, साधना कुलदीप, टीकम लाल वर्मा, रमेश कुमार पाल, शंकर लाल साहू चुने गए। इसको चुनाव अधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए समिति के संचालन पूरी जिम्मेदारी के साथ करने की इच्छा जाहिर की। यह जानकारी महासचिव पीआर वर्मा ने दी।

## भिलाई नगर विधायक के सेक्टर-5 कार्यालय में लोगों ने की मुलाकात

# शहर में पेयजल संकट, जगह-जगह बारिश के कारण जल भराव के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र के रहवासियों समस्याओं को लेकर विधायक देवेंद्र यादव से उनके सेक्टर-5 स्थित कार्यालय में मिले। इस दौरान पेयजल संकट, बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव की वजह से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से अवगत कराया।

नागरिकों ने प्रमुख रूप से जल आपूर्ति की अनियमितता, क्षतिग्रस्त सड़कों, जलजमाव, कचरा प्रबंधन, ड्रेनेज की सफाई, स्ट्रीट लाइट्स की खराबी और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं को उजागर किया। विधायक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना मेरी जिम्मेदारी है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी बताया कि भिलाई शहर के सर्वांगीण विकास के लिए कई योजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं और जल्द ही उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू होगी। पार्षदगण और खुर्सी पार की जनता ने सीवरेज की समस्या के बारे में विधायक को बताया। खुर्सीपार में सीवरेज लाइन का काम किया जा रहा है। लेकिन बारिश में व्यवस्थित तरीके से काम नहीं होने की वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। आने वाले दिनों में बारिश का पानी गली और लोगों के घरों में भी भर सकता है इसे गंभीर बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है।



### सीवर लाइन बिछाने गड्ढा खोदकर छोड़ा, हो रही परेशानी, शिकायत का समाधान नहीं

लोगों ने बताया कि कई वार्डों में ठेकेदार ने सीवर लाइन के लिए कई जगह खुदाई कर करके काम छोड़ दिया है। 5-7 फीट गहरे गड्ढे खोद कर छोड़ दिए है। इसके अलावा खुर्सीपार और टाउनशिप एरिया में बैकलिंक की सफाई भी नहीं की गई है। पार्षदों ने बताया कि बैक लाइन की सफाई नहीं होने से बारिश में निकासी की बड़ी समस्या आती है। गंदगी से बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। हर बार बीएसपी प्रबंधन गर्मी के सीजन में बेक लाइन की सफाई की बात करता है, लेकिन सफाई नहीं करवा रहा है।



रायपुर, सोमवार 26 मई 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02

सेना के पराक्रम को सैल्यूट करने किया जाएगा राष्ट्र कल्याण तिरंगा महायज्ञ

## लाइव इवेंट

### 1 को भोंगापाल में बुद्ध महोत्सव जिले के प्रतिनिधि होंगे शामिल



**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा की रविवार को डॉ. आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय भोंगापाल बुद्ध महोत्सव 1 जून को आयोजित होने की जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि ग्राम पंचायत भोंगापाल फरसगांव जिला कोंडागांव में बुद्ध महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इसमें भिलाई-दुर्ग से भी प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से भोंगपाल बुद्ध महोत्सव के संयोजक अनिल खोब्रागड़े ने अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में उपस्थित होने की अपील की। बैठक में सुनील रामटेके, अनिल गजभिये, रविन्द्र गाडगे और संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि भोंगापाल में पुरातत्व विभाग द्वारा टीले के खुदाई में भगवान बुद्ध की प्रतिमा मिली, जिसे वहीं पर स्थापित किया गया है। इसलिए भोंगापाल के इस जगह के महत्व को देखते हुए महोत्सव का भव्य आयोजन 1 जून को किया जा रहा है।

- सेक्टर-6 स्थित आंबेडकर सांस्कृतिक भवन में हुई बैठक में निर्णय

#### भोंगापाल में बुद्ध शांति वन की स्थापना की तैयारी

बैठक में जानकारी दी गई कि क्षेत्र में बुद्ध शांति वन की स्थापना की जाएगी। आयोजन की बडे पैमाने पर तैयारी चल रही है। इस मेले में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया। बैठक में आभार प्रदर्शन संस्था के उपाध्यक्ष विनोद वासनिक ने किया। संचालन रामराव ढोक ने किया। बताया गया कि बौद्ध महोत्सव के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। इस अवसर पर कृष्णा बंसोडकर, अशोक शामकुवर, भागवत बागडे, अनिल साखरे, अजय गणवीर, संजय मेश्राम, सुभाष बंसोडकर, कमलराज मेश्राम, सुधाकर फुलमाली, शिवचरण पानतावने, राजेश गजभिये, जीडी राऊत, वसंत नंदेश्वर, नरेंद्र नारनवरे, जेबी पाटील आदि मौजूद थे।

● देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवनी पर दुर्ग और भिलाई में संगोष्ठी और प्रदर्शनी का आयोजन

# अहिल्या बाई होल्कर नारी शक्ति के सम्मान और न्याय धर्म के समन्वय से समाज को नई दिशा देने वाली महिला

**महिलाओं के उत्थान में सदा समर्पित रहने वाली अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर इस बार 10 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन भिलाई-दुर्ग में किया जा रहा है। इसे लेकर दुर्ग के राजेंद्र पार्क में जहां प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसका सांसद विजय बघेल ने उद्घाटन किया। वहीं भिलाई में निगम ने संगोष्ठी का आयोजन किया। अधिकारियों ने बताया कि 10 दिनों तक अलग-अलग कार्यक्रम प्रस्तावित किए गए हैं। इसी के तारतम्य में रविवार को अहिल्या बाई के जीवनी पर संगोष्ठी का आयोजन नेहरू नगर भेलवा तालाब में किया गया। इसमें प्रबुद्ध लोगों द्वारा राजमाता अहिल्या बाई होल्कर ने 18वीं शताब्दी में किस प्रकार से होल्कर साम्राज्य का विस्तार किया, इसके बारे में परिचर्चा की गई।**

**भिलाई/ दुर्ग।** निगम निगम भिलाई के अधिकारी अजय शुक्ला ने संगोष्ठी में जानकारी दी कि रानी अहिल्या बाई होल्कर सामान्य परिवार में पैदा होकर अपने कुशल नेतृत्व, संघर्ष, ईश्वर के प्रति भक्ति के बल पर होलकर वंश की महारानी बन गईं। उन्हें दूरदर्शी महिला शासकों में के रूप में जाना जाता है। चाहे विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण हो, स्त्रियों की शिक्षा, सब वर्ग का सम्मान, अपने राज्य में औद्योगीकरण को लागू करना, धर्म का प्रचार प्रसार उन्होंने कुशलतापूर्वक किया। रानी पहली शासक थीं, जिन्होंने भूतपूर्व सैनिकों की पेंशन योजना लागू की। उस समय उनके वेतन से कुछ अंश कट करके रखा जाता था, उतनी ही राशि जोड़ करके उनके रिटायरमेंट के बाद उन्हें पेंशन प्रदान किया जाता था। अपनी सहेली का विधवा विवाह सर्वप्रथम उन्होंने ही करवाया था, जो पूर्व के राजा सोचने से डरते थे। उन कार्यों को संघर्ष करके कर डालती थीं। डॉक्टर ललित पोपट ने कहा 31 मई 1725 को अहमद नगर के चौंड़ी गांव में जन्मी अहिल्या के पिता मनकोजी राव शिंदे ग्राम प्रधान थे, अहिल्या बाई शुरू से ही संस्कारिक, धार्मिक एवं सामाजिक रिती-रिवाजों में पली बढ़ी थी। भगवान शंकर के प्रति उनकी अटूट श्रद्वा थी। उद्योगपति सुभाष गुलाटी ने लोगों को समझाते हुए बताया कि देवी अहिल्या आम लोगो की समस्याओं को जानने के लिए रात में भेष बदलकर नगर में घुमा करती थीं, खुद समस्याओं से और जनता के विचारों से अवगत होती थी और उसका निराकरण करती थीं। भारत विकास परिषद के सचिव जितेंद्र सिंह ने बताया कि एक अच्छी कूटनीतिज्ञ थी बड़े-बड़े राजा उनके कूटनीतिक चाल में फंस जाते थे, यह सोच करके कहीं महिला रानी से हार गया तो बहुत बेज्जती होगा। उनके राज्य से मित्रता कर लेते थे। राजकाज के साथ-साथ विभिन्न गतिविधिया जैस मंदिरो, घाटों, कुओं, तालाबों और विश्राम गृह तीर्थ स्थलों तक निर्माण शामिल था। उनकी प्रजा उन्हें सम्मान से आई कहती थी। संगोष्ठी में प्रदीप डालमिया, संजय भाटिया, सुबोध अग्रवाल, मयंक चतुर्वेदी, एमपी सिंह, नरेश गुप्ता, एम राजू, अनिल डागा, शिवचरण गोयल, शैलेंद्र परिहार, रमेश साहू, शिवनारायण मोदी, राजेश साहू आदि मौजूद थे।




### राजेंद्र पार्क में रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर लगाई गई प्रदर्शनी

**दुर्ग।** रानी अहिल्याबाई होलकर जयंती के अवसर के राजेंद्र पार्क में रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयोजित चित्र प्रदर्शनी में उनके द्वारा किए गए सुशासन के कार्य आम जनमानस की सेवाओं को दर्शाया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, तेलघानी विकास निगम के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। भारत माता एवं रानी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं के द्वारा रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके सुशासन पर संबोधन प्रस्तुत किया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपना समग्र जीवन मानव सेवा को समर्पित किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लेकर कई कार्य किया। सती प्रथा के चलन के बीच में विधवाओं के लिए अधिकार की लड़ाई लड़ी। इस अवसर पर अहिल्या बाई होल्कर के जीवन संघर्षों, उनके द्वारा किए कार्यों से जुड़ी प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका आए लोगों ने अवलोकन किया। होल्कर के जीवन पर आधारित कार्यों को लेकर 10 दिवसीय आयोजन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है।





## सिटी इवेंट

### एल्गोरिद्म आधारित हवाई किराया नीति उपभोक्ताओं के साथ अन्याय: विरोध

**भिलाई।** देश की एयरलाइंस कंपनियों द्वारा अपनाई जा रही एल्गोरिद्म आधारित डायनामिक किराया नीति पर कैट छत्तीसगढ़ ने कड़ी आपत्ति जताई है। इस नीति को उन्होंने आम नागरिकों, व्यापारियों, उद्यमियों और युवाओं के खिलाफ डिजिटल धोखाधड़ी का नया मॉडल बताया है। यह नीति यात्रियों की टिकट खोज गतिविधियों पर नजर रखकर किराए में अनावश्यक और अचानक वृद्धि कर देती है, जिससे बिना टिकट बुकिंग के भी कीमतें बढ़ जाती हैं। यह आम उपभोक्ताओं को भ्रमित कर, उन्हें मजबूरी में अधिक मूल्य चुकाने के लिए बाध्य करती है। कैट छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला ने इसे मध्यमवर्ग, व्यापारियों और महिला उद्यमियों पर एक बड़ा आर्थिक बोझ बताया और तत्काल रोक की मांग की। प्रदेश मंत्री पवन बड़जात्या ने इसे पारदर्शिता विरोधी नीति बताते हुए कहा कि फ्लाइट की कुल सीटें और उपलब्ध सीटें वेबसाइट पर लाइव दिखाना अनिवार्य किया जाए। प्रसिद्ध चिंतक एवं स्वावलंबी भारत अभियान, छत्तीसगढ़ के प्रांत सह-समन्वयक संजय चौबे ने कहा कि यह नीति डिजिटल आर्थिक अन्याय है, जिससे देश का उद्यमशील वर्ग और व्यापारी समुदाय प्रभावित हो रहा है। ऐसी प्रणाली देश की प्रगति को रोकती है।

- कैट के पदाधिकारियों ने जताई नाराजगी
- आगामी दिनों में उग्र आंदोलन की तैयारी

#### नीति महिला और युवाओं को भ्रमित करने वाला

पायल जैन, गूंजा पींचा और अमीना मोहम्मद अली हिरानी ने बताया कि यह नीति महिलाओं, युवाओं और छोटे व्यवसायियों को भ्रमित कर रही है। इसका प्रभाव उनकी कार्यक्षमता व आर्थिक स्थिरता पर स्पष्ट दिख रहा है। युवा छात्रों के हितों की बात करते हुए कैट दुर्ग ने कहा कि हजारों छात्र मेट्रो शहरों एवं दूरस्थ राज्यों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। वे सप्ताहांत या अवकाश में घर लौटना चाहते हैं, परंतु जैसे ही वे टिकट खोजते हैं, कीमतें बढ़ा दी जाती हैं। यह तकनीकी धोखा न केवल उनकी जेब पर भार डालता है, बल्कि मानसिक असुविधा भी उत्पन्न करता है। उन्होंने एल्गोरिद्म आधारित डायनामिक किराया नीति पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। कैट छत्तीसगढ़ शीघ्र ही इस विषय पर प्रदेशव्यापी जन-जागरण अभियान शुरू करेगा, ताकि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके।

# वैशालीनगर में 18.19 लाख से बनेगा डोम शेड और पेवर ब्लॉक, नाली का होगा मेंटेनेंस

**भिलाई।** साहू मित्र सभा में वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने 18.19 लाख रुपए से पेवर ब्लॉक, नाली संधारण एवं डोमशेड विस्तारीकरण हेतु भूमि पूजन किया। तहसील अध्यक्ष खेदराम साहू ने समाज की गतिविधियों एवं आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग की बहुलता है। छत्तीसगढ़ का नेतृत्व पिछड़ा वर्ग को ही करना चाहिए, उन्होंने साहू मित्र सभा सुपेला के भवन एवं प्रांगण का संधारण तथा आधुनिकीकरण करने 50 लाख दिए जाने की घोषणा की।

- साहू मित्र सभा के कार्यक्रम में विधायक ने किया भूमिपूजन





भूमि पूजन में भिलाई जिला के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, पार्षद नोमिन साहू, नेहा साहू, लक्ष्मी साहू के साथ साथ डॉ. दिनेश साहू, कबीर साहू, परसराम साहू, उन्मेष साहू, गजेंद्र गंजीर, सनत साहू, भोला साहू, देवेश साहू, इंद्र कुमार साहू, डामनलाल साहू, त्रिलोचन साहू, रामप्रकाश साहू, शैलेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू, शिवकुमार साव, नेतराम साहू, बाबूलाल साहू, गणेश राम साहू, देवेंद्र साहू, ज्ञानिक साहू, जगदीश राम साहू, धनसाय साहू, सूरज साहू, हर्षदेव साहू, हेमा साहू, अंजू साहू, भूज्ञानी साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### अच्छे कामों और बेहतर जांच के लिए थाना प्रभारियों को एसएसपी ने किया सम्मानित



**भिलाई।** पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने अच्छा काम करने और बेहतर विवेचना करने वाले थाना और पुलिस चौकी प्रभारियों को सम्मानित किया।

मुख्य रूप से लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान एवं शिकायत आवेदनों का त्वरित निराकरण करने निर्देशित किया गया। एनडीपीएस एक्ट एवं अन्य अपराधो में अच्छी कार्रवाई करने वाली उप निरीक्षक सौमित्री भोई, सहायक उप निरीक्षक महफूज खान, रामकृष्ण तिवारी, पूरन दास एवं दिनेश सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही थाना प्रभारी थाना पाटन एवं बोरी को उत्कृठ कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

### जल संरक्षण को लेकर हुई संगोष्ठी में शामिल हुए चेंबर प्रतिनिधि

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के तत्वावधान में जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन (वॉटर हार्वेस्टिंग) को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। संगोष्ठी में वॉटर हार्वेस्टिंग विषय पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। इस दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि जल संकट से निपटने के लिए वर्षा जल का संचयन समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस मुहिम को सफल बनाने में हर नागरिक, व्यापारी और संस्था की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि चेंबर इस पहल को हर स्तर पर समर्थन देगा। व्यापारी वर्ग को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उद्योग चेंबर से जेपी गुप्ता, कर्मजीत बेदी, अनिल अग्रवाल, मनोहर कृष्णानी, राकेश मल्होत्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ का अधिवेशन 14 और 15 जून को दुर्ग में

# संघ गीत से दिल्ली से आए प्रतिनिधियों का स्वागत भारत माता की जय से राष्ट्रीय अधिवेशन पर मुहर

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** निकायों के अधिकारी और कर्मचारी छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के बैनरतले 14 और 15 जून को राष्ट्रीय स्तर का अधिवेशन आयोजित करने जा रहे हैं। आयोजन की तैयारियों को लेकर एक निजी होटल में संगठन पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में दिल्ली से आए भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। उनका संघ गीत से स्वागत किया गया, साथ ही भारत माता के जयघोष के साथ अधिवेशन के आयोजन का अनुमोदन किया गया। आयोजन में 10 हजार से ज्यादा प्रतिनिधियों के शामिल होने की जानकारी दी गई। आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय प्रभारी एमपी सिंह ने राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक त्रिवार्षिक अधिवेवन को लेकर आवश्यक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर जिला और प्रदेश के पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद थे।



#### नगर भ्रमण को निकलेगी रैली, कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

बैठक में जानकारी दी गई कि 14 एवं 15 जून को स्वामी विवेकानंद सभागृह पद्मनाभपुर में स्वायत्तशासी का राष्ट्रीय व प्रादेशिक अधिवेशन होगा। एमपी सिंह ने दुर्ग जिले के निकायों के स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ की इकाई एवं प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक लेकर अधिवेशन की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिवेशन के प्रथम दिवस रैली के आयोजन कि व्यवस्था सहित सभी विभाग के प्रभारी नियुक्त किए जाएं। उन्होंने प्रदेश की ओर से कर्मचारियों की वह समस्या जो राष्ट्रीय स्तर पर रखा जा सकें, उसका प्रतिवेदन तैयार कर सत्र के दौरान रखने का सुझाव दिए। साथ ही पहले दिन रैली के आयोजन की जानकारी दी, जो नगर के अलग-अलग मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगी, जहां ज्ञापन सौंपा जाएगा।

#### अधिवेशन की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

इस अवसर पर पदाधिकारियों को अधिवेशन से जुड़ी जिम्मेदारी भी सौंपी गई। साथ ही कहा गया कि आगामी दिनों में तैयारियों को लेकर और भी बैठकें होंगे। संगठन के वरिष्ठ सदस्यों और पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में यह पूरा कार्यक्रम संपन्न होगा। बैठक के प्रारंभ में महामंत्री शरद दुबे ने संघ गीत प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय पदाधिकारी एमपी सिंह का परिचय कराया। महासंघ के अध्यक्ष सुरेश तिवारी ने अधिवेशन के संयोजक के रूप में संगठन मंत्री विष्णु चन्द्राकर के नाम की घोषणा की। सिंह ने भारत माता के जयघोष के साथ अनुमोदन प्रदान किया, जिसका सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने कर्तल ध्वनि से स्वागत किया।

#### निकायों में व्याप्त समस्याओं को लेकर सीएम को कराएंगे अवगत

बैठक के अन्त में प्रदेश के निकायों में व्याप्त कर्मचारी समस्याओ को लेकर मुख्यमंत्री तथा नगरीय निकाय मंत्री के नाम जिले के कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। इसमें समस्याओं की सूची तैयार कर ज्वलंत मुद्दों को शामिल करने का निर्णय लिया गया बैठक में कोषाध्यक्ष गोपाल सिन्हा, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, संजय मिश्रा, शशिकान्त यादव, ईश्वर वर्मा, रीता चतुर्वेदी, शशिभूषण, मोहंती, रोहित बंजारे मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

## परमेश्वरी मंदिर प्रांगण में बनेगा नया ज्योति कक्ष, भूमिपूजन



**भिलाई ।** देवांगन जन कल्याण समिति द्वारा संचालित परमेश्वरी मंदिर प्रांगण प्रगति नगर रिसाली में दानदाता नोहर सिंह देवांगन ने अपनी दिवंगत पत्नी स्व. सुशीला देवांगन एवं पुत्र स्व. प्रशांत देवांगन की स्मृति में एक ज्योति कक्ष निर्माण करके देने हेतु भूमिपूजन किया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में नोहर सिंह एवं उनके परिजनों के साथ ही समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन विशेष रूप से उपस्थिति थे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि दानदाता नोहर सिंह देवांगन ने अपने दिवंगत परिजनों की स्मृति में सार्वजनिक उपयोग हेतु एक ज्योति कक्ष बनाकर देना बहुत ही सराहनीय एवं अनुकरणीय है। यह दिवंगत परिजनों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इससे उनकी स्मृति दीर्घ काल तक बनी रहेगी और लोगों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने इस पुण्य कार्य के लिए नोहर सिंह देवांगन को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि उक्त ज्योति कक्ष निर्माण की लागत लगभग 9 लाख रुपए है। इसके पूर्व भी नोहर सिंह के द्वारा परमेश्वरी भवन में एक वाटर कूलर दान किया गया है। आगामी क्वांर नवरात्रि में भी उनके द्वारा अपने दिवंगत परिजनों की स्मृति में भागवत पुराण कथा परमेश्वरी मंदिर में कराने हेतु संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर समिति के द्वारा दानदाता नोहर सिंह देवांगन, डॉ. नंदकुमार देवांगन एवं पं. ऋषि शर्मा का गमछा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया और आवरण पत्रिका भेंट की गई। इस अवसर पर नोहर सिंह की पुत्री डॉ. प्रीति देवांगन, दामाद डॉ. देव प्रकाश देवांगन, डॉ. नंदकुमार आदि मौजूद थे।

## लाइव इवेंट

## महर्षि चरक की नयनाभिराम प्रतिमा का अंकुश ने किया निर्माण

**भिलाई।** आयुर्वेद विशारद महर्षि चरक की नयनाभिराम प्रतिमा का निर्माण अंचल के प्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ अंकुश देवांगन द्वारा किया गया है। आधुनिक आयुर्वेद की स्थापना करने वाले महान



संत महर्षि चरक का संभवत यह छत्तीसगढ़ राज्य में महर्षि चरक की प्रथम मूर्ति है। जिसके लिए प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी, बी.एल.सोनी, विजय शर्मा, मोहन बराल, समाजसेवी विमान भट्टाचार्य, पी.वाल्सन, प्रवीण कालमेघ, मीना देवांगन और साहित्यकार मेनका वर्मा ने उन्हें बधाई दी है। मूर्तिकार अंकुश देवांगन भारतीय मूर्तिकला जगत में हिन्दुस्तान के प्राचीनतम-और महानतम-विभूतियों की हूबहू प्रतिमा बनाने के लिए जाने जाते हैं। इसी कड़ी में महर्षि चरक की उन्होंने आदमकद प्रतिमा बनाई है। महर्षि चरक आधुनिक आयुर्वेद की स्थापना करने वाले महान संत माने जाते हैं। उन्होंने ही सर्वप्रथम शरीर के महत्वपूर्ण व्याधियों वात, पीत, कफ की खोज की थी। वे आयुर्वेद के आधार ग्रंथ चरक संहिता के रचयिता थे। जिसमें उन्होंने सोना, चांदी, लोहा, पारा जैसे तत्वों से रोगों को दूर करने का अचूक सिद्धांत खोजा था। ई सा से भी 200 साल पहले उन्होंने आयुर्वेद के गूढ़ रहस्यों को प्रतिपादित किया जो आज भी प्रासंगिक है। भारत में तत्कालीन दुनिया के श्रेष्ठ विश्वविद्यालय तक्षशिला से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की, कुषाण राज्य के राजवैद्य बने और ताजीवन शोध कार्यों को अंजाम दिया। आठवीं शताब्दी में उनके लिखे अद्वितीय ग्रंथ चरक संहिता का अरबी भाषा में अनुवाद हुआ। तत्पश्चात पूरी दुनिया में यह भारतीय चिकित्सा पद्धति के रूप में प्रसिद्ध हुई। आज भी ऐलोपैथी के दुष्परिणामों से पीड़ित मानवता आयुर्वेद की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है।

## सिटी इवेंट

## चुनाव को निष्पक्ष रखने एक राष्ट्र एक चुनाव पर रखे अपने विचार



**भिलाई।** भारत सरकार द्वारा चुनाव प्रक्रिया को सुदृढ़ और निष्पक्षता के साथ किये जाने के लिए श्री केसरी समिति के संयुक्त तत्वाधान में धनोरा में एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे भारत सरकार द्वारा चुनाव प्रक्रिया को सुदृढ़ और निष्पक्षता के साथ-साथ आर्थिक तौर पर सुदृढ़ हो इस पर विस्तार से चर्चा किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग जिला भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, मुख्य वक्ता शताब्दी पांडे, दीपक पप्पू चंद्राकर, सोनू राम सिंग, दीपक चोपड़ा, एकनाथ, अनुपम साहू, राजू, राकेश जंघेल, शीतला ठाकुर, शैलेंद्र शेंडे की उपस्थिति में भारत माता की तैल चित्र पर विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान सभी वक्ताओं ने एक राष्ट्र एक चुनाव के बारे में अपने विचार साझा किये और अलग अलग चुनाव होने से देश में होने वाले नुकसान और एक साथ चुनाव होने से देश को होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। साथ ही राजमाता अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती व जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों का प्रतीक चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शैलेंद्र साहू, मनीष यादव, विधि यादव, विक्की यादव, धर्मेन्द्र भगत, रमा साहू, शीला नारखड़े, सारिका साहू, ईश्वरी साहू, सारिका देवांगन, टीकम साहू, सुनीता चंद्राकर, एकता चंद्राकर, कंचन सिंह, संस्कृति वर्मा, दिनेश बाजपेयी, शैलेश शर्मा आदि मौजूद थे।

### नेहरू हाउस में इप्टा के बीस दिवसीय बाल नाट्य शिविर का समापन

# नाटक अंधविश्वास और थाड़ दुवारे नंगा सहित डांस व लोक नृत्य की यादगार प्रस्तुति

**उत्साह और खुशी के माहौल में दर्शकों से गुलजार प्रेक्षागृह के खुले कैंपस में इंद्रधनुषी प्रतिभा बिखेरते कलाकार... कभी सुरीले गीत तो कभी अभिनय अदायगी का जलवा और कभी लोकरंगी छटा ... मंत्रमुग्ध करती एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुति पर देर तक तालियों की गड़गड़ाहट की गूंज।आज रविवार की शाम सेक्टर 1 नेहरु सांस्कृतिक सदन परिसर में उल्लास से लबरेज ऐसा ही खुशनुमा नजारा था। अवसर था इप्टा भिलाई के सत्ताइस वें 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरुण नाट्य शिविर के समापन समारोह का। इस अवसर पर शिविर में वरिष्ठ व युवा रंगकर्मियों से नाट्य कला के गुर सीखने वाले 80 बच्चों द्वारा यादगार विविध सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। शिविर में तैयार नाटकों, डांस, लोक नृत्य,गीत व जनगीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का आगाज वरिष्ठ रंगकर्मी मणिमय मुखर्जी व बीबी परगनिहा द्वारा तैयार सभी बच्चों के शैलेंद्र के जनगीत तू जिंदा है तो जिंदगी की जीत पर यकीन कर सहित 4 जनगीत की संदेशपरक प्रस्तुति से हुआ। फिर मौजूदा सियासी पाखंड को पर चोट करता देवनारायण निर्देशित और विजय दान देथा लिखित नाटक थाड़ दुवारे नंगा का बच्चों ने प्रभावी मंचन किया।**

**भिलाई ।** नाटक में दिखाया गया कि तरह तरह के कपड़े के शौकीन एक राजा अपने पसंदीदा कपड़े तैयार करने कारीगरों की तलाश में कई लोगों को मरवा देता है। आखिरकार एक कारीगर उसे सोने के कपड़े तैयार करुंगा कहते हुए राजा,खजाने व पूरे राज्य का सोना मांगता है। राजा से कहता है कि यह सोने की ड्रेस महामूर्खों को नहीं दिखेगी। जब कारीगर राजा को यह ड्रेस पहनाने की एक्टिंग करता है तब निर्वस्त्र राजा राज्य में घूमते हुए मंत्री, दरबारी व प्रजा से पूछता की मैं कैसा दिख रहा हूं तो सभी डरकर बोलते हैं बहुत सुंदर दिख रहे हो। लेकिन एक अबोध बच्चा सच बोलता है कि राजा तो नंगा है। इस नाटक में एकांश पसीने, कुमकुम जैन,अमोक्ष, ग्रंथा, रुपाली, पारथी, अक्षर,अनन्या, हर्षिद्धि, खुशी, निहारिका, अंशुमन व प्रज्ञा आदि बच्चों ने प्रभावी अभिनय किया।



### लोकरंगी छटा से भावविभोर

रसीले गीतों की सुरीली धुन पर रंगबिरंगे परिधानों में सजे बच्चों के आकर्षक डांस और लोक नृत्य को देखना पालकों और इन्हें तैयार करने में सहयोग दने वाले कलाकारों के लिए एक भावविभोर कर देने वाला अनुभव था। जब चारु श्रीवास्तव निर्देशित फौजियों को समर्पित देशभक्ति डांस कंधे से कंधे मिलते हैं का बच्चों ने प्रदर्शन किया तो हालिया भारत-पाक युद्ध में हमारे सैनिकों के शौर्य व त्याग की यादें ताजा हो गईं। फिर रोहित रेड्डी निर्देशित नन्हे मुन्नों के बम बम बोले गीत पर नयनाभिराम डांस की प्रस्तुति ने मंत्रमुग्ध किया। धान्या, मोक्ष, दीक्षा अंशुमन ध्रुव, मान्या, ख्याति व प्रांजल सहित 70 बच्चों ने प्रस्तुत किया। रोशन घड़ेकर के निर्देशन में लोकनृत्य घूमर से बच्चों ने राजस्थानी संस्कृति को मंच पर उतारा। बच्चों के पंथी, सुआ, राउत नाचा से सजे चोला माटी के राम छग लोक नृत्य पर अच्छी तालियां बजीं।

### निखरती है बच्चों की प्रतिभा

पूर्व में कार्यक्रम के अतिथि समन्वयक प्रभंजय चतुर्वेदी, सुप्रियो सेन व दुष्यंत हरमुख, वरिष्ठ साहित्यकार लोकबाबू, डॉ. कोमल सिंह सार्वा, मुमताज ने इप्टा के आयोजन व बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। इनका स्वागत इप्टा के राष्ट्रीय सचिव राजेश श्रीवास्तव प्रांतीय अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी, वरिष्ठ रंगकर्मी सुचिता मुखर्जी, शिविर संचालक देवनारायण और चारु श्रीवास्तव ने स्वागत किया। शिविर में बच्चों को सिखाने वाले युवा कलाकार रोशन घड़ेकर, चित्रांश श्रीवास्तव, शैलेष कोड़ापे,रोहित रेड्डी, लेखा बंछोर, देवनारायण साहू अमिताभ व अंशुमन व कलाकार भालचंद सेगेकरकी भी हौसलाआफजाई की गई। कार्यक्रम का संचालन कलाकार नुपूर अग्रवाल व चारु ने किया। कार्यक्रम में 5 से 25 मई तक आयोजित शिविरार्थी बच्चों के पालकों सहित इप्टा परिवार व कलाकार बिरादरी उपस्थित थी। वरिष्ठ रंग कर्मी मणियम व राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि महीनेभर की इप्टा की मेहन व बच्चों व पालकों तथा बीएसपी के सहयोग से शिविर व कार्यक्रम यादगार हो गया।

### प्रभावी अभिनय से अंधविश्वास पर चोट

इसके बाद बच्चों द्वारा प्रस्तुत चारु श्रीवास्तव निर्देशित नाटक अंधविश्वास देख पालक वाह वाह कर उठे। नाटक कुछ इस तरह था कि एक जटाधारी बाबा बोलता है कि तुम 4 दिन बाद मर जाओगे। वह सबको यह बात बताता है और जब 4 दिन बाद उसे मरा समझ गांववाले उसकी अर्थी उठाते हैं तो वह जिंदा हूं कहकर उठ जाता है। लेकिन गांव वाले भूत समझकर यकीन नहीं करते। बाद में बाबा के अंधविश्वास की पोल खुलती है। इस नाटक में पूर्व, मिहिर आदर्श, हर्ष, अदिति, वृषिका, पूजा,ख्याति प्रियांजल, सपना ने बेहतर किरदार निभाए। बाद बच्चों द्वारा चित्रांश श्रीवास्तव (परिकल्पना अशफाक) निर्देशित नाटक सर्कस और शानिद अहमद निर्देशित नाटक पैसों का पेड़ नाटक की बेहतर प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा।

**नन्हे कलाकारों ने इंद्रधनुषी प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध**

## आयोजन...

## सेना के पराक्रम को सैल्यूट करने किया जाएगा राष्ट्र कल्याण तिरंगा महायज्ञ



**आर्य समाज मंदिर से होगी कार्यक्रम की शुरुआत**

**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर एवं सनातन संघ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्र कल्याण तिरंगा महायज्ञ का आयोजन जगह-जगह किया जाएगा। जिसके अंतर्गत विभिन्न सोसायटी, कॉलोनी सहित अन्य स्थानों से तय समयानुसार निकाला जाएगा। आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग अपनी जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के शौर्य गौरवशाली पराक्रम का प्रतीक है। हम इस अवसर पर भारत सरकार की दृढ़ता प्रतिबद्धता और सेना की रणनीति को नमन करते हैं। आर्य समाज के द्वारा जगह-जगह पर राष्ट्र जागरण के लिए तिरंगा महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। सनातन संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज ठाकरे ने बताया कि जब भारत शौर्य और पराक्रम का नया इतिहास लिख रहा है तब कुछ लोग शत्रु देश की भाषा बोल रहे हैं। ऐसी पार्टी ऐसे लोग देश हित से अलग बोल रहे हैं। पाकिस्तान जैसा शत्रु देश इन्हें प्रमाण के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। सनातन संघ इस बात का आग्रह करता है कि हम रामकृष्ण, पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, चंद्रगुप्त मौर्य, राणा प्रताप नेताजी सुभाष चंद्र बोस वंशज हैं। आर्य समाज के आचार्य डॉ. अजय आर्य ने बताया कि वेद मंत्र में कहा गया है कि हम संगठित होकर के ही शत्रु को पराजित कर सकते हैं। प्रेम से मिलकर चलो बोलो सभी ज्ञानी बनो। पूर्वजों की भांति कर्तव्य के मानी बनो। हम जब राष्ट्र गौरव की भावना से भरे होंगे तो स्वार्थ को तिलांजलि देकर राष्ट्रहित में कार्य करने सोचेंगे। हमको सिर्फ इतना ही सोचना है कि जो हमारे देश के बारे में सोचेगा हम उसके बारे में सोचेंगे। जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का आदर करेगा तो हम उसका आदर करेंगे।

### सप्रे संग्रहालय भोपाल है ज्ञान तीर्थ

## भारतीय ज्ञान परम्परा से सप्रे ने पूरे देश को जोड़ा, सप्रे संग्रहालय का किया भ्रमण

**भिलाई।** शिक्षाविद् एवं साहित्याचार्य डॉ.महेश चन्द्र शर्मा ने पं.माधव राव सप्रे संग्रहालय भोपाल के



■ सप्रे ने पूरे देश को जोड़ा भारतीय ज्ञान परम्परा से :आचार्य डॉ . शर्मा

सांस्कृतिक भ्रमण किया। इस दौरान डॉ. शर्मा का सप्रे संग्रहालय के संस्थापक- संयोजक पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर के साथ विस्तृत संवाद भी हुआ। विजय दत्त श्रीधर ने डॉ.शर्मा को संग्रहालय का विस्तृत तथा प्रत्यक्ष अवलोकन कराने के साथ भाषा सत्याग्रह आदि पुस्तकें भी भेंट कीं। इस दौरान डॉ. शर्मा ने बताया कि अच्छे मित्र के गुण बताने वाले एक श्लोक से प्रेरित होकर पं.माधव राव सप्रे ने \₹छत्तीसगढ़ मित्र\₹ नाम से प्रथम हिन्दी मासिक पत्रिका के प्रकाशन की शुरुआत हुई।

देश-विदेश के अनेक शैक्षणिक और साहित्यिक भ्रमण कर चुके आचार्य डॉ.शर्मा ने भारतीय ज्ञान परम्परा को लेकर पूरे देश की उच्च शिक्षा संस्थानों में चल रहे विमर्शों के सन्दर्भ में बताया कि पं.माधव सप्रे छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के साथ पूरे भारत वर्ष को भारतीय ज्ञान परम्परा से सम्पन्न करते हैं। उन्होंने लोकमान्य पं.बालगंगाधर तिलक के 'गीता रहस्य' और 'केसरी' के हिन्दी संस्करण निकाले। सप्रे की प्रेरणा से पं.माखनलाल चतुर्वेदी ने जबलपुर से कर्मवीर का प्रकाशन किया। हिन्दी की पहली कहानी \₹एक टोकरी भर मिट्टी\₹ के लेखक भी सप्रे हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि इधर छत्तीसगढ़ में सप्रे पर लगातार वैचारिक आयोजन होते रहे हैं। ज्ञान तीर्थ सप्रे संग्रहालय भोपाल की शोध सामग्री का लाभ लेते हुए देश-विदेश के डेढ़ हजार शोधार्थी एम.फिल, पी-एच.डी.और डी.लिट्. उपाधियाँ प्राप्त कर चुके हैं। नई शिक्षा नीति विषयक इस शैक्षणिक प्रवास में डॉ.शर्मा को महर्षि अगस्त्य वैदिक संस्थान भोपाल के अध्यक्ष आचार्य पं.प्रभुदयाल मिश्र ने महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, संस्कृति विभाग म.प्र. शासन द्वारा प्रकाशित अपनी पुस्तक भारतीय ज्ञान परम्परा-विविध आयाम आचार्य डॉ.शर्मा को भेंट की। पं.आचार्य पं.प्रभुदयाल मिश्र छत्तीसगढ़ में शासकीय सेवायें भी दे चुके हैं। मध्य प्रदेश के महाविद्यालयों में लगभग दो लाख विद्यार्थियों को अब तक भारतीय ज्ञान परम्परा से अवगत करवाया जा चुका है।

### केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में मराठी भाषा प्रशिक्षण का पहला दिन

## एकता और अखंडता को बनाए रखने भारतीय भाषाओं की अहम भूमिका, छात्रों को फ्लैश कार्ड और मराठी अल्फाबेट की दी जानकारी

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** गर्मी की छुट्टीयों का सदुपयोग करने के लिए बच्चों को विभिन्न गतिविधियां स्कूलों व अन्य स्थानों में सिखाई जा रही है। इसी कड़ी में भारत की विविधताओं को संजोने एवं विविधताओं में एकता को बनाए रखने के लिए विविध भारतीय भाषाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से केंद्रीय विद्यालय में 25 में से 31 जून तक सात दिवसीय भारतीय भाषा शिविर का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण के पहले दिन रविवार को प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को महात्मा गांधी, अब्राहम लिंकन, एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महापुरुषों के कुछ वचनों का मराठी में ट्रांसलेशन किया।





### भारतीय भाषाओं की अहम भूमिका

रविवार को भारतीय भाषाओं के अंतर्गत मराठी भाषा प्रशिक्षण समर कैंप के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के लिए सभी भारतीय भाषाओं की अहम भूमिका है। भारत भाषा, धर्म, संप्रदाय, वेशभूषा, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, रहन-सहन, खान पान आदि की दृष्टि से बहुत विविधताओं वाला देश है। विविधता में एकता की भावना को प्रबल करने के लिए हम सभी को एक दूसरे की भावना को समझना चाहिए। भावनाओं और विचारों को समझने के लिए भाषा महत्वपूर्ण साधन है। भारत सरकार द्वारा आयोजित एवं निर्देशित हम भाषा के कारण भारतीय विरासत से दूर ना हो जाएं इस शिविर का मूल भाव है। कैंप के पहले दिन मराठी भाषा का प्रशिक्षण गीता माली ने दिया। उन्होंने मराठी मे जग बदलायचे असेल तर आधी स्वतःला बदलवा। झोपल्यावर दिसतात ती स्वप्नं नसून स्वप्ने ही अशी गोष्ट आहे जी म्हाला झोपू देत नाही। शत्रुना मित्र बनवुन, मी माझे शत्रु कमी किंवा नष्ट करत नाहीये का। इन बातों को हिंदी में विस्तार से समझाया। गीता ने महात्मा गांधी, अब्राहम लिंकन, एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महापुरुषों के कुछ वचनों का मराठी में ट्रांसलेशन किया।कार्यक्रम का संचालन प्रभारी रामाशीष चौहान ने किया। जिसमें सतीश कुमार धीवर और डॉ. राखी श्रीवास्तव भी सहयोगी रहे।

## हेल्थ टिप्स

### बड़े फायदे हैं डम्बल शोल्डर श्रग एक्सरसाइज करने के



जिम में वर्कआउट करते हुए हम अपनी बॉडी के हर पार्ट की एक्सरसाइज करते हैं। चेस्ट व बैक की ही तरह शोल्डर को भी नजरअंदाज नहीं किया जाता है। शोल्डर डे के दिन कई तरह की एक्सरसाइज को लोग अपने वर्कआउट रूटीन में शामिल करते हैं। इन्हीं में से एक है डम्बल शोल्डर श्रग्स। इसे एक बेहतरीन एक्सरसाइज माना जाता है, जो आपके शोल्डर को मजबूत बनाने में मदद करती है। साथ ही, आपको गर्दन में अकड़न या दर्द की शिकायत होने की संभावना भी काफी कम हो जाती है।

यह एक बेहद ही सिंपल एक्सरसाइज मानी जाती है, जिसे हर कोई अपने वर्कआउट रूटीन में शामिल कर सकता है। लेकिन इसके ढेर सारे फायदे हैं। हो सकता है कि आपको लगे कि डम्बल शोल्डर श्रग्स करते हुए बस डम्बल पकड़कर कंधों को ऊपर-नीचे ही तो करना है, लेकिन इसका असर जबरदस्त होता है। तो चलिए आज इस लेख में पावरलिफ्टिंग में नेशनल रिकॉर्ड होल्डर और एनीटाइम फिटनेस के फिटनेस ट्रेनर विनय माहौर आपको बता रहे हैं कि डम्बल शोल्डर श्रग्स करने से आपको क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं-


डम्बल शोल्डर श्रग एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो आपके ट्रैप्स यानी ट्रैपेज़ियस मसल्स पर काम करती है। ये मसल्स आपके शोल्डर के ऊपरी हिस्से और गर्दन के आस-पास होते हैं। जब ये मसल्स स्ट्रॉन्ग होते हैं तो आपके शोल्डर और गर्दन की शेप भी काफी अच्छी आती है। इससे आपके शोल्डर चौड़े और ज़्यादा परिभाषित दिखते हैं।

#### पोश्चर होता है बेहतर



आज के समय में शरीर में होने वाले अधिकतर दर्द के पीछे की वजह बैड पोश्चर होता है। हममें से ज़्यादातर लोग घंटों मोबाइल या लैपटॉप पर झुके रहते हैं, जिससे पीठ झुक जाती है और शोल्डर आगे आ जाते हैं। ऐसे में डम्बल शोल्डर श्रग करने से आपको फायदा मिल सकता है। श्रग्स आपके कंधों को ऊपर और पीछे खींचते हैं, जिससे आपका बॉडी पोश्चर सुधरता है। अच्छा पोश्चर होने की वजह से गर्दन और पीठ के दर्द की शिकायत भी काफी कम हो जाती है।

#### डेली काम बनता है आसान



आपको शायद पता ना हो, लेकिन डम्बल शोल्डर श्रग करने से आपका डेली काम भी काफी आसान बन जाता ह। दरअसल, यह एक्सरसाइज आपके ट्रैप्स मसल्स को स्ट्रॉन्ग बनाती है और ट्रैप्स मसल्स स्ट्रॉन्ग होने से रोज़ के काम जैसे भारी बैग उठाना, बॉक्स शिफ्ट करना या बच्चों को गोद में उठाकर रखना भी आसान हो जाता है। श्रग्स करने से आप अपने दैनिक जीवन में वजन उठाने में अधिक आसानी महसूस करते हैं।

#### टाइम और स्पेस होती है बचत

अक्सर लोग कई एक्सरसाइज को अपने वर्कआउट रूटीन से सिर्फ इसलिए स्किप कर देते हैं, क्योंकि उन्हें करना काफी कठिन होता है या फिर उसके लिए हैवी मशीन की जरूरत होती है। जबकि श्रग्स करना बहुत आसान है। इसके लिए आपको बस एक जोड़ी डम्बल चाहिए। इसे आप बेहद ही कम स्पेस में आसानी से कर सकते हैं और मुश्किल ना होने की वजह से बिगनर भी इसे आसानी से कर सकते हैं।

#### मजबूत होते हैं ट्रैप्स मसल्स

डंबल शोल्डर श्रग एक्सरसाइज का मुख्य लाभ यह है कि यह ट्रैप्स मसल्स को मजबूत करता है। ट्रैप्स मसल्स कंधे के ऊपरी हिस्से और गर्दन के आसपास होते हैं और इन्हें मजबूत करने से कंधे चौड़े और मजबूत दिखते हैं।

#### ताकत बढ़ती है पकड़ की

डंबल श्रग एक्सरसाइज आपकी पकड़ की ताकत बढ़ाने में मदद करती है। जब आप डंबल को पकड़कर कंधों को ऊपर उठाते हैं, तो आपकी पकड़ की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। डंबल श्रग एक्सरसाइज आपकी ऊपरी पीठ की मांसपेशियों को मजबूत करती है, जिससे आपका पोस्चर बेहतर होता है। मजबूत ट्रैप्स मसल्स कंधों से जुड़े एक्सरसाइज में सुधार करते हैं, जैसे कि डेडलिफ्ट, ओवरहेड प्रेस और रोइंग।

● जानिए शरीर में खून का थक्का बनने की वजह

# गंभीर समस्याओं की वजह बन सकता है शरीर में खून का थक्का, प्रतिरक्षा तंत्र पर आ सकता है गंभीर संकट

शरीर में खून के थक्के बनने की प्रक्रिया को थ्रॉम्बोसिस कहा जाता है। यह एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है जो चोट लगने पर अत्यधिक खून बहने से बचाती है। लेकिन जब बिना चोट के या गलत जगह पर खून के थक्के बनने लगते हैं, तो यह गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। हमारे शरीर का मैकेनिज्म ऐसा है कि ये खुद से ही अपनी रक्षा कर सकता है। ये तंत्र लगातार काम करता रहता है, इस तरह से, कि कई बार आपको पता भी नहीं चलता और शरीर कई समस्याओं से मुकाबला करके आपको बड़ी दिक्कतों से बचा लेता है। खून के थक्के बनना (ब्लड क्लॉटिंग) भी ऐसी ही एक स्थिति है जो शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शरीर रक्त के थक्के बनाकर चोट और रक्तस्राव की स्थिति में ज्यादा खून बहने से बचाता है।

खून के थक्के बनना अच्छा संकेत है, पर अगर ये थक्के अधिक या बिना किसी कारण के बनने लगें तो इसके गंभीर और जानलेवा दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। शरीर में खून के थक्के बनने की प्रक्रिया को थ्रॉम्बोसिस कहा जाता है। यह एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है जो चोट लगने पर



अत्यधिक खून बहने से बचाती है। लेकिन जब बिना चोट के या गलत जगह पर खून के थक्के बनने लगते हैं, तो यह गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी समस्याओं के लिए भी अनावश्यक रूप से खून के थक्के बनने को कारण माना जाता है।

### रक्तस्राव की स्थिति में फायदेमंद है ब्लड क्लॉटिंग




रक्तस्राव की स्थिति में आपका लिवर तुरंत एक्टिव हो जाता है और आपके खून में मौजूद प्लेटलेट्स को चिपकाकर रक्त के थक्के बनाता है और रक्तस्राव को रोकने में मदद करता है। हालांकि कुछ स्थितियों में शरीर में बिना चोट के भी थक्के बनने लगते हैं जिसके कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। रक्त के थक्के जमने की इस तरह की समस्या खतरनाक हो सकती है, खासकर तब जब इसका समय पर इलाज न मिले। धमनियों में रक्त के थक्के बनने से हृदय तक रक्त की आपूर्ति कम हो जाती है जिससे हार्ट अटैक-स्ट्रोक हो सकता है।

### ब्लड क्लॉटिंग के कारण होने वाली दिक्कतें

नसों में रक्त के थक्के बनने पर ये रक्तप्रवाह के माध्यम से शरीर के अन्य हिस्सों में भी जा सकते हैं। डीप वेन थ्रोम्बोसिस- आपके पैर, हाथ, लिवर, आंतों या किडनी की नसों में रक्त का थक्का बनने की समस्या है। पल्मोनरी एम्बोलस- आपके फेफड़ों में रक्त का थक्का बनने की समस्या है। धमनियों में रक्त के थक्के बनने की स्थिति स्ट्रोक, दिल का दौरा, पैरों में गंभीर दर्द, चलने में कठिनाई जैसी समस्याओं का कारण बन सकती है।

### खून के थक्के क्यों बनते हैं?



लंबे समय तक बैठने या लेटे रहने (शारीरिक रूप से निष्क्रिय लोग) से खून का बहाव धीमा हो जाता है, इसके कारण भी खून के थक्के बनने की समस्या हो सकती है। गर्भनिरोधक गोलियां और हार्मोन थेरेपी शरीर में एस्ट्रोजन की मात्रा बढ़ाकर थक्के बनने की आशंका बढ़ा देती हैं। अनावश्यक रूप से अगर शरीर में खून के थक्के बनने लगें तो इसका समय पर निदान और इलाज जरूरी हो जाता है।

# यूरिक एसिड बढ़ने का कारण हो सकती हैं आपकी आम गलतियां



यूरिक एसिड का स्तर नियंत्रित रखने के लिए खानपान और जीवनशैली में बदलाव अत्यंत आवश्यक है। आइए जानते हैं कि किन चीजों के कारण आपका यूरिक एसिड बढ़ सकता है और इसे कैसे कंट्रोल किया जाए?

यूरिक एसिड का स्तर बढ़ना आजकल एक आम समस्या बन चुकी है। अगर इसे समय रहते नियंत्रित न की जाए, तो इसके कारण गठिया, किडनी स्टोन और अन्य स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, खान-पान में गड़बड़ी के कारण यूरिक एसिड की दिक्कत बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधान हो जाना चाहिए।

यूरिक एसिड का स्तर नियंत्रित रखने के लिए खानपान और जीवनशैली में बदलाव अत्यंत आवश्यक है। रेड मीट, सीफूड, अल्कोहल और मीठे पेय से दूरी बनाकर, स्वस्थ और पौष्टिक खानपान की आदत बना ली जाए तो इस समस्या से बचाव किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि किन चीजों के कारण आपका यूरिक एसिड बढ़ सकता है और इसे कैसे कंट्रोल किया जाए?

### पहले यूरिक एसिड के बारे में जान लीजिए



यूरिक एसिड शरीर में पाए जाने वाले प्यूरिन नामक तत्व के ब्रेकडाउन से बनता है। प्यूरिन प्राकृतिक रूप से शरीर की कोशिकाओं में और कुछ खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। जब शरीर में प्यूरिन की मात्रा बढ़ जाती है, तो ये ठीक से बाहर नहीं निकल पाती है और जमा होने लगती है। समय पर इस समस्या पर ध्यान न दिया जाए तो आप मुश्किल में फंस सकते हैं। यूरिक एसिड को कंट्रोल रखने के लिए कुछ चीजों से दूरी बनाना या इनका सेवन कम करना चाहिए।

### रेड मीट और सी फूड नुकसानदायक

रेड मीट वैसे तो प्रोटीन का अच्छा स्रोत है पर इसका अधिक सेवन कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, रेड मीट का अधिक सेवन करने वालों में यूरिक एसिड और गाउट की आशंका अधिक पाई गई। इसी तरह झींगे, टूना और मैकेरल जैसे समुद्री मछलियों में भी उच्च मात्रा में प्यूरिन पाया जाता है। हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की एक अध्ययन ने पाया कि नियमित रूप से सीफूड का सेवन करने से भी यूरिक एसिड का स्तर बढ़ता है।

### शराब के कई सारे नुकसान

शराब को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है, इससे यूरिक एसिड बढ़ने का भी खतरा रहता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग अक्सर अल्कोहल, विशेषकर बीयर पीते हैं, उनमें गाउट का खतरा लगभग दोगुना अधिक होता है। शराब से दूरी बनाना कई प्रकार के कैंसर और फेफड़ों की बीमारियों से बचाव के लिए भी जरूरी है।

### ये चीजें भी हानिकारक

कोल्ड ड्रिंक, सोडा जैसे ड्रिंक्स भी शरीर में प्यूरिन के निर्माण को तेज कर सकते हैं। जामा जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि फ्रुक्टोज का अधिक सेवन यूरिक एसिड के स्तर को तेजी से बढ़ाता है। ज्यादा प्रोसेस्ड फूड और फास्ट फूड जैसे चिप्स-बिस्कुट, इंस्टेंट नूडल्स में ट्रांस फैट्स और रिजर्वेटिव्स होते हैं, जो मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करते हैं और यूरिक एसिड बढ़ा सकते हैं।



# भगवान शिव को प्रसन्न करने सोमवार को करें ये उपाय

सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दिन शिव भक्त शिवजी की पूजा-पाठ आदि करने के अलावा उपवास भी रखते हैं। सोमवार के दिन कई कष्टों को दूर करने के लिए कुछ उपाय भी किए जाते हैं। जिनको करने से कई समस्याओं का निवारण होता है। यदि आप को भी किसी किसी तरह की कोई परेशानी है, तो आप ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी द्वारा बताए गए इन उपायों को सोमवार के दिन कर सकती हैं। इससे आपके जीवन की दिक्कतें दूर हो सकती हैं।

सोमवार के दिन भगवान शिव को प्रसन्न करना चाहते हैं तो इस दिन भगवान शिव को सफेद चंदन लगाएं और शिव चालीसा का पाठ करें। क्योंकि सफेद चंदन भगवान शिव को बेहद प्रिय है। ऐसी मान्यता है कि अगर आप भोलेनाथ को प्रसन्न करना चाहते हैं तो सोमवार के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर उनका जल से अभिषेक करें और सफेद चंदन लगाकर शिव जी के मंत्रों का जाप करें। इससे लाभ हो सकता है।

### सोमवार को विवाह के उपाय

अगर किसी जातक के विवाह में कोई भी परेशानी आ रही है तो सोमवार के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की एक साथ पूजा करें। इससे शीघ्र विवाह के योग बनते हैं और वैवाहिक जीवन में आ रही बाधाएं भी दूर होती हैं। सोमवार के दिन 108 बेलपत्र लें और हर बेलपत्र पर चंदन से शिव-शंभू लिखें। इसके बाद एक-एक करके सभी बेलपत्र शिवलिंग पर चढ़ाएं। यदि किसी कन्या



की शादी में बाधा आ रही है, तो उसे सोमवार के दिन पीले वस्त्र पहनकर शिवलिंग पर जल और नागकेसर का फूल चढ़ाना चाहिए। इसके अलावा शिवलिंग पर गुलाब का इत्र अर्पित करें। इस उपाय को 11 सोमवार तक लगातार करें। इससे विवाह के योग बन सकते हैं और मनचाहे वर की प्राप्ति हो सकती है।

### सोमवार को तरक्की के उपाय

अगर आपकी नौकरी में किसी तरह की कोई बाधा आ रही है तो नौकरी में तरक्की के लिए सोमवार के दिन शिवलिंग पर शहद चढ़ाएं। सोमवार के दिन शिव रक्षा स्तोत्र का पाठ करने से उत्तम परिणाम मिल सकते हैं। आर्थिक समस्याओं से मुक्ति के लिए सोमवार के दिन गन्ने के रस से शिवलिंग का अभिषेक करें। इससे लाभ हो सकता है।

### सोमवार को पारिवारिक शांति के उपाय

सोमवार का दिन भगवान शिव की पूजा को समर्पित है और सोमवार के सोम से चंद्रमा का संबंध है। चंद्रमा शांति का प्रतीक माने जाते हैं। इस दिन चंद्रमा के दर्शन करें और उसकी पूजा करें।

# लू से बचना है तो अपनाइए इन्हें

चिलचिलाती गर्मी की वजह से लोगों के शरीर में पानी की कमी होना बेहद आम बात है। इसी के चलते इस मौसम में डॉक्टर्स ऐसे पकवानों के सेवन की सलाह देते हैं, जो शरीर को हाइड्रेट रखते हैं। क्योंकि अगर शरीर हाइड्रेट नहीं रहेगा तो लू लगने की संभावना और बढ़ जाती है। इसी के चलते इस मौसम में ऐसे ही पकवानों का सेवन बढ़ा देना चाहिए, जिसकी वजह से शरीर को गर्मी से राहत मिले। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही पकवानों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप इस मौसम में भी खुद को फिट रख सकें।

### सत्तू का शरबत



यदि आप लू से बचकर रहना चाहते हैं तो अपने रूटीन में सत्तू के शरबत को शामिल करें। सत्तू का शरबत शरीर को गर्मी से राहत दिलाता है। इसे आप चाय और कॉफी की जगह पी सकते हैं। इसे कई तरह से पिया जा सकता है। बहुत से लोग सत्तू का शरबत मीठा पीते हैं, तो वहीं बहुत से लोग इसमें नमक, प्याज, हरी मिर्च बगैरह डालकर पीते हैं।

### मसाला छाछ

लू से बचने के लिए मसाला छाछ एक बेहतर विकल्प मानी जाती है। इसको आप आसानी से तैयार करके पी सकते हैं। अब तो बाजार में मसाला छाछ के पैकेट भी मिलते हैं, जिसको खरीद कर आप कभी भी पी सकते हैं। तो चाय-कॉफी छोड़िए और मसाला छाछ सा सेवन शुरू कीजिए।

### आम पना

बाजार में इस वक्त कच्चे आम मिलने लगे हैं। ऐसे में आप आम पना बनाकर उसका सेवन भी कर सकते हैं। आम पना पीने में काफी स्वादिष्ट लगता है। चाहें तो इसे अपने स्वाद के हिसाब से खट्टा या फिर मीठा बनाएं। इसे बनाने के लिए आपको सिर्फ कच्चे आम को उबालकर उसका गूदा निकालना है और फिर उसमें मसाले डालने हैं।

### खीरे या ककड़ी का रायता

ककड़ी और खीरा दोनों ही चीजें शरीर को ठंडक पहुंचाने का काम करती हैं। ऐसे में आप ककड़ी और खीरे का रायता बनाकर भी उसका सेवन कर सकते हैं। दही वैसे भी शरीर को ठंडक पहुंचाता है, ऐसे में जब आप उसमें ककड़ी और खीरा मिक्स करेंगे तो उसका स्वाद और भी बढ़ जाएगा।

कार्नर न्यूज

आज की बचत कल का सुखद भविष्य

# खुद सीखें और अपने बच्चों को भी सिखाएं बचत का यह तरीका, पैसा बढ़ेगा और भविष्य भी चमकेगा

बच्चों को जब भी सेविंग्स के बारे में समझाना होता है, तो उन्हें गुल्लक पकड़ा दी जाती है। लेकिन, अब जमाना बदल गया है और गुल्लक की जगह सेविंग्स के मॉडर्न तरीकों ने ले ली है। जिनसे पैसा भी बढ़ता है और भविष्य भी सिक्योर होता है। आइए, यहां जानते हैं सेविंग्स के मॉडर्न तरीके जिन्हें आप भी सीख सकती हैं और बच्चों को भी सीखा सकती हैं।

बचपन में बच्चा जो देखता है और सीखता है, वह उसके साथ जिंदगीभर रहता है। ऐसे में आज के दौर की जरूरत को समझते हुए बच्चों में बचत और निवेश की आदत बचपन से होनी चाहिए। स्कूल में जिस तरह से गणित, विज्ञान और भाषा की शिक्षा मिलती है, उसी तरह अगर हम बच्चों को पैसों की कीमत, बचत और निवेश जैसी छोटी-छोटी चीजें सिखाएं तो वह भविष्य में आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

बच्चों के बचत करने की जब भी बात आती है, तो उन्हें सबसे पहले गुल्लक मिल जाती है। लेकिन, आज की डिजिटल और तेजी से बदलती दुनिया में सिर्फ पैसा जमा करना काफी नहीं है। मॉडर्न वर्ल्ड में सेविंग्स के तरीके भी मॉडर्न हैं। हालांकि, इसका बिल्कुल भी मतलब नहीं है बच्चे शेयर मार्केट में उतर जाएं और ट्रेडिंग करने



लगें। बल्कि, उन्हें सुरक्षित, आसान और लॉन्ग टर्म बेनिफिट्स के बारे में समझाना होगा। अगर आप भी चाहती हैं कि आपका बच्चा भी मॉडर्न तरीकों से पैसा बचाए, तो यहां हम ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं जिससे बचत और मुनाफा दोनों कमाया जा सकता है।

### किन मॉडर्न तरीकों से पैसा बचा सकते हैं बच्चे

एक समय था जब बच्चे गुल्लक में पैसा जोड़ते थे। यह तरीका तो अच्छा था लेकिन, गुल्लक में पैसा डालने से ब्याज नहीं मिलता है। ऐसे में अगर आप अपने बच्चे को बचत की कीमत समझाना चाहती हैं, तो RD की मदद भी ले सकती हैं। बता दें, आप 100 रुपये प्रति महीना की RD भी शुरू करवा सकती हैं। इसके लिए बस आपको बच्चे के नाम पर अकाउंट ओपन करवाना होगा। अकाउंट ओपन होने के बाद बच्चों को पॉकेट मनी से पैसा बचाकर अकाउंट में जमा कराने की सीख दे सकती हैं।

आप बैंक या पोस्ट ऑफिस में भी बच्चे का अकाउंट ओपन करवाकर आरडी शुरू कर सकती हैं। दरअसल, मौजूदा समय में बैंक से ज्यादा पोस्ट ऑफिस में इंटरेस्ट ज्यादा मिल रहा है। हालांकि, जब भी आप आरडी अकाउंट खुलवाने जाएं तो पहले इंटरेस्ट और टेन्योर आदि के बारे में पूरी जानकारी लें।

### फिक्सड डिपॉजिट

जब भी बच्चों को सेविंग्स के बारे में समझाएं तो उन्हें बैंक अकाउंट में पैसे जोड़ने की सलाह दें। जब बच्चे 10 हजार भी जोड़ लें, तो उनकी फिक्सड डिपॉजिट बनवा दें। ऐसा करने से बच्चों के पैसे बचेंगे भी और बढ़ेंगे भी।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## विमान हादसे में म्यूजिक इंडस्ट्री की बड़ी शख्सियत शापिरो की मौत



कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में गुरुवार तड़के हुए एक विमान हादसे ने म्यूजिक इंडस्ट्री को एक बड़ा सदमा दिया है। इस दुर्घटना में 42 साल के डेव शापिरो अपनी जान गवा बैठे। वो हिवी रॉक और इंडिपेंडेंट म्यूजिक सीन के एक बेहद प्रभावशाली और फेमस टैलेंट एजेंट थे।

डेव शापिरो ने पीयर्स द वील, सम 41, स्टोरी ऑफ द ईयर, पॉप बैंड हैनसन और सिंगर-सॉन्गराइटर वेनेसा कार्लटन जैसे कई बड़े कलाकारों का प्रतिनिधित्व किया था। वो साउंड टैलेंट एजेंसी के सह-संस्थापक भी थे, जिसके दो कर्मचारी भी उनके साथ सवार थे और उनकी भी मृत्यु की पुष्टि की गई है।

साउंड टैलेंट एजेंसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि ₹हम अपने सह-संस्थापक, सहयोगी और दोस्तों को खोने से गहरा आहत हैं। हमारा दिल उनके परिवारों और इस त्रासदी से प्रभावित सभी के साथ है। कृपया इस मुश्किल समय में उनकी निजता का सम्मान करें।' इस एजेंसी के कार्यालय सैन डिएगो, न्यूयॉर्क और नैशविल में स्थित हैं।

डेव शापिरो ने 2018 में टिम बोरोर और मैट एंडरसन के साथ मिलकर साउंड टैलेंट ग्रुप की स्थापना की। इससे पहले वो एजेंसी ग्रुप और यूनाइटेड टैलेंट एजेंसी के अनुभवी सदस्य थे। उनके क्लाइंट में ईव 6, आई प्रिवेल, सेट इट ऑफ, सिल्वरस्टीन और पार्कवे ड्राइव जैसे कई दूसरे लोकप्रिय बैंड भी शामिल थे। वो नेशनल इंडिपेंडेंट ऑर्गनाइजेशन के भी संस्थापक सदस्य थे।

डेव शापिरो की पत्नी जूलिया शापिरो, ऑस्ट्रेलिया की एक फोरेंसिक वैज्ञानिक हैं। वो इस दुखद हादसे के बाद गहरे सदमे

### टॉलीवुड

## एक्टर मनु गिरफ्तार, महिला ने लगाए यौन उत्पीड़न और ब्लैकमेलिंग के आरोप



बेंगलुरु में टीवी अभिनेता मडेनूरु मनु को एक महिला कलाकार के यौन शोषण और ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। 33 साल की बताई जा रही महिला ने अभिनेता पर यह आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत के बाद कर्नाटक पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बेंगलुरु के निवासी मडेनूरु मनु नागरभवी को पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद मेडिकल परीक्षण के लिए भी भेजा है। प्रारंभिक जांच में मनु ने स्वीकार किया है कि वह पीड़िता को जानते हैं, लेकिन उन्होंने अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों को साजिश करार देते हुए इनकार किया है। पुलिस के मुताबिक, यह मामला केवल यौन उत्पीड़न का नहीं, बल्कि ब्लैकमेलिंग का भी है, जो एक निजी वीडियो को लेकर हुआ। पीड़िता ने बताया कि उनकी मुलाकात 2018 में कन्नड़ टीवी शो 'कॉमेडी खिलाड़ी' के सेट पर हुई थी। इसके बाद दोनों की दोस्ती हो गई थी। पीड़िता के मुताबिक, मनु ने उन्हें नागरभवी में एक किराए के मकान में रखा था। नवंबर 2022 में दोनों शिवमोग्गा जिले के शिकारीपुरा में एक कार्यक्रम में गए थे। कार्यक्रम के बाद, होटल में मनु ने उन्हें मिलने के बहाने बुलाया और वहां कथित तौर पर उनका यौन उत्पीड़न किया।

### भोजपुरी

## धमाकेदार फिल्म 'ससुराल गेंदा फूल' का ट्रेलर रिलीज, दर्शकों ने लिया हाथों-हाथ



एसआरके म्यूजिक के बैनर तले रौशन सिंह की फिल्म 'ससुराल गेंदा फूल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो एक मनोरंजक पारिवारिक कहानी का वादा करता है। लखनऊ के खूबसूरत लोकेशंस पर फिल्माई गई इस फिल्म में रितेश उपाध्याय और ऋचा दीक्षित लीड रोल में हैं।

एसआरके म्यूजिक के बैनर तले निर्माता रौशन सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ससुराल गेंदा फूल' का भव्य ट्रेलर आज रिलीज हो गया। ट्रेलर एस आर के म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब पर रिलीज हुआ है और वायरल हो रहा है। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को एक मनोरंजक पारिवारिक यात्रा पर ले जाता है, जिसमें ह्यूमर, इमोशन, और ड्रामा का भरपूर तड़का देखने को मिलता है, जिसको लेकर निर्माता रौशन सिंह ने कहा, 'हमने 'ससुराल गेंदा फूल' को केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि हर परिवार की रोज़मर्रा की कहानी के रूप में गढ़ा है। इसमें रिश्तों की मिठास, नवविवाहिता की चुनौतियां, पारिवारिक तकरार और संस्कारों की खूबसूरती को दिखाया गया है। यह फिल्म दर्शकों को हंसाएगी, रुलाएगी और अंत में एक मीठा संदेश भी देगी।'

उन्होंने आगे कहा कि मेरी हमेशा कोशिश रहती है कि भारतीय संस्कृति, भावनाएँ और मनोरंजन तीनों का संतुलन बना रहे। ऋचा दीक्षित और रितेश उपाध्याय ने बेहतरीन अभिनय किया है और पूरी टीम ने फिल्म को खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म दर्शकों को उनके अपने जीवन से जुड़ी सी लगेगी। एसआरके म्यूजिक हमेशा ऐसी फिल्में लाता रहेगा जो परिवार के साथ बैठकर देखी जा सकें। बात अगर ट्रेलर की करें तो इसकी शुरुआत लखनऊ के मनोरम लोकेशनों से होती है, जहां की खूबसूरत दृश्यावली दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं रितेश उपाध्याय और ऋचा दीक्षित। ट्रेलर की पहली झलक में ऋचा दीक्षित बाइक पर पूरे स्वैग में नजर आती हैं, लेकिन तभी उनका एक्सीडेंट हो जाता है। यहीं से शुरू होती है कहानी के असल रंगों की यात्रा, जो शादी के बाद एक नवविवाहिता के ससुराल जीवन की चुनौतियों और हास्यप्रद परिस्थितियों के इर्द-गिर्द घूमती है। निर्देशक संजय श्रीवास्तव के सधे हुए निर्देशन में बनी इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को हास्य और भावनाओं की गहराई के साथ जोड़ता है।

## हल्के रंगों का चलन

### लाइफ स्टाइल






अगले 12 महीनों में हल्के गुलाबी से लेकर आसमानी नीले तक, हल्के रंगों का इंद्रधनुष देखने को मिलेगा। सैंडी लियांग और ब्रैंडन मैक्सवेल जैसे रंग-प्रेमी लेबल, निश्चित रूप से हल्के-धुले हुए रंगों को जारी करना जारी रखेंगे, लेकिन उनके साथ पारंपरिक रूप से तीखे ब्रांड जैसे कि रबैन भी शामिल होंगे। इसकी लोकप्रियता फैशन के क्लासिक्स रूप की व्यापक वापसी का एक सुखद साइड इफ़ेक्ट है। इस तरह, नॉटिकल प्रिंट को ट्रेंच कोट, लोफ़र्स और ब्लू जींस के साथ आसानी से स्टाइल किया जा सकता है।

## करी पत्ता और दही की मदद से मिलेगा चमकता चेहरा

दमकती स्किन पाने की हसरत आखिर किसकी नहीं होती, लेकिन इसके लिए महंगे प्रोडक्ट्स या केमिकल बेस्ड ट्रीटमेंट का इस्तेमाल करना शायद उतना बेहतर ऑप्शन नहीं है। हमेशा यह सलाह दी जाती है कि आप नेचुरल तरीके से अपनी स्किन की केयर करें और उसे ब्राइटन बनाने के लिए उपाय अपनाएं। ऐसे में करी पत्ता और दही को इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। ये दोनों इंग्रीडिएंट्स आपकी स्किन को नेचुरली चमकदार, साफ और फ्रेश बनाने में मदद करते हैं।

अमूमन हम सभी अपनी डाइट में इन दोनों इंग्रीडिएंट्स को शामिल करते हैं, जबकि आपको इसे अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा भी बनाना चाहिए। जहां करीपत्ते में मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट्स स्किन की डलनेस और पिगमेंटेशन को कम करते हैं। वहीं, दही में पाया जाने वाला लैक्टिक एसिड स्किन को जेंटल तरीके से एक्सफोलिएट करता है, जिससे स्किन ग्लोइंग बनती है। तो चलिए आज इस लेख में



आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको बता रही हैं कि करीपत्ता और दही आपकी स्किन को ब्राइटन बनाने में किस तरह मददगार साबित हो सकता है-

ब्राइटन स्किन पाने में करीपत्ता और दही किस तरह मददगार है

करीपत्ता और दही का कॉम्बिनेशन आपकी स्किन को बहुत अधिक फायदा पहुंचाता है। जहां करीपत्ते में विटामिन ए, सी, एंटी-ऑक्सीडेंट्स आदि पाए जाते हैं, जो स्किन में मौजूद फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं और डलनेस और पिग्मेंटेशन को कम करने में मदद करते हैं। वहीं, इनमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण दाग-धब्बे और टैनिंग को भी कम करने में मदद करते हैं।

जबकि दही में लैक्टिक एसिड होता है, जो एक माइल्ड एक्सफोलिएटर की तरह काम करता है। ये डेड स्किन सेल्स को हटाकर स्किन को सॉफ्ट और ग्लोइंग बनाता है। दही एक नेचुरल ब्लीच की तरह भी काम करती है, जिससे स्किन अधिक इवन टोन व ग्लोइंग बनती है।

करी पत्ते और दही से बनाएं फेस पैक

स्किन ब्राइटनिंग के लिए आप करी पत्ते और दही की मदद से फेस पैक बनाकर इस्तेमाल कर सकती है। इससे स्किन फ्रेश और सॉफ्ट लगती है। साथ ही साथ, डलनेस और टैनिंग भी दूर होती है। इसके लिए आवश्यक सामग्री 10-15 करीपत्ता और दो बड़े चम्मच दही चाहिए।

कैसे बनाएं

करी पत्ते लेकर इसे अच्छे से धोकर पीस

## न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट हैं लेटेस्ट डिजाइंस वाले कुर्ती-पेंट

**फैशन**



अगर आप कुर्ती-पेंट स्टाइल करने की सोच रही हैं तो, आप इस तरह के कुर्ती-पेंट सेट का चुनाव कर सकती हैं और इस आउटफिट में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आएगा। ऑफिस या किसी खास मौके पर शामिल होने के दौरान महिलाएं स्टाइलिश लुक चाहती हैं। वहीं अगर आप ऐसा चाहती हैं तो, कुर्ती-पेंट सेट का चुनाव कर सकती हैं। यह कुर्ती-पेट ऑफिस जाने के दौरान साथ ही, किसी भी पार्टी या किसी खास मौके परशामिल होने के दौरान वियर करने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। इस आउटफिट में जहां आपका लुक न्यू नजर आएगा तो, साथ ही आप स्टाइलिश भी नजर आएंगी।



### लेटेस्ट डिजाइंस वाले कुर्ती-पेंट सेट

न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए हम आपको 3 लेटेस्ट डिजाइंस वाले कुर्ती-पेंट सेट दिखा रहे हैं। इस तरह के आउटफिट में जहां आपका लुक न्यू और स्टाइलिश नजर आएगा तो, साथ ही आप सुंदर भी नजर आएंगी।

### फ्लोरल प्रिंट कुर्ती-पेंट सेट

फ्लोरल आउटफिट महिलाएं काफी पसंद करती हैं और इस फ्लोरल प्रिंट आउटफिट में आपका लुक सुंदर भी नजर आता है। वहीं अगर आप फ्लोरल प्रिंट में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो, आप इस तरह के आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं। इस आउटफिट में आपका लुक खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आएगा और इसे आप 1,000 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस सूट के साथ आप सिंपल पर्ल वर्क इयरिंग्स स्टाइल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड कुर्ती-पेंट सेट

स्टाइलिश लुक के लिए अप इस तरह के प्रिंटेड कुर्ती-पेंट सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस प्रिंटेड कुर्ती-पेंट सेट में प्रिंट करके बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है साथ ही, इस प्रिंटेड कुर्ती-पेंट सेट को स्टाइल करने के बाद आप सुंदर भी नजर आएंगी। यह सूट आपको आसानी से ऑनलाइन मिल जाएगा साथ ही, आप ऑफलाइन भी इस आउटफिट को सस्ते कीमत में खरीदकरस्टाइल कर सकती हैं।

## अपने फेस शेप के हिसाब से चुनें टीका

जब भी हम खुद को स्टाइल करती हैं तो तरह-तरह की एक्सेसरीज को अपने लुक का हिस्सा बनाना पसंद करती हैं। इयररिंग्स से लेकर नेकपीस तो हम लड़कियां अक्सर ही पहनती हैं। लेकिन अगर आप अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंटल होना चाहती हैं तो ऐसे में मांग टीका को अपने लुक का हिस्सा बनाएं। यकीन मानिए, मांग टीका स्टाइल करते के साथ ही आपका लुक पूरा बदल जाएगा। लेकिन यह केवल तभी संभव है, जब आप सही मांग टीका का चयन करें।

दरअसल, मार्केट में कई अलग-अलग तरह के डिजाइन्स के मांग टीका मिलते हैं, जिन्हें अक्सर हम बस उनकी खूबसूरती देखकर खरीद लेते हैं। हालांकि, यह जरूरी नहीं है कि हर डिजाइन हर किसी पर अच्छा ही लगे। इसके लिए पहले आपको अपने फेस शेप पर ध्यान देने की जरूरत होती है। यह कुछ ऐसे ही है, जिस तरह आप अपने बॉडी शेप को ध्यान में रखकर आउटफिट खरीदती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आपके फेस शेप पर किस तरह का मांग टीका डिजाइन अच्छा लगेगा



### राउंड फेस शेप के लिए मांग टीका

अगर आपका फेस शेप राउंड है तो ऐसे में यकीनन आपके गाल थोड़े चौड़े होंगे और चेहरे की लंबाई और चौड़ाई करीब-करीब बराबर होगी। ऐसे में आप लंबा व सीधा मांग टीका स्टाइल करने की कोशिश करें। इससे आपका चेहरा थोड़ा लंबा नजर आएगा। इसके अलावा, पेंडेंट स्टाइल मांग टीका भी आपके चेहरे को स्लिम दिखाएगा। कभी भी आपको बहुत चौड़े या गोल मांग टीके नहीं पहनने चाहिए, क्योंकि ये आपके चेहरे को और भी गोल दिखा सकते हैं। मांग टीका पहनते समय पहले माथे का हिस्सा बीच में करें और बालों को दोनों तरफ थोड़ा वॉल्यूम दें, इससे लुक बैलेंस्ड लगेगा।

## साड़ी लुक को खूबसूरत बना देंगे स्टाइलिश ब्लाउज

भारतीय महिलाएं साड़ी न पहनने ऐसा हो ही नहीं सकता है। ऐसे में अगर आप भी किसी ख़ास फंक्शन में साड़ी पहनना चाहती हैं और सभी के सामने अपनी खूबसूरती से सभी को खुश करना चाहती हैं, तो ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे डिजाइनर ब्लाउज बताएंगे, जिन्हें आप ट्राई कर अपने साड़ी लुक को अट्रैक्टिव और गॉर्जियस बना सकती हैं।



### प्रिंटेड पान ज़री साड़ी ब्लाउज

अगर आप अपने घर की शादी या किसी भी ख़ास फंक्शन में साड़ी पहनने वाली हैं, तो अब आप अपने साड़ी लुक को बेहतरीन बनाने के लिए इस खूबसूरत प्रिंटेड पान ज़री साड़ी ब्लाउज को शामिल कर सकती हैं। इस ब्लाउज को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। आप चाहें तो इस ब्लाउज को अपनी साइज के हिसाब से टेलर की मदद से बनवा सकती हैं। यह ब्लाउज आपके साड़ी लुक को एलिगेंट टच देने में बेहद मदद करेगा।

### स्क्वायर नेक साड़ी ब्लाउज

अगर आप अपने ऑफिस या कॉलेज में अपने साड़ी लुक से सभी को दीवाना बनाना चाहती हैं, तो अब आप अपने किसी भी साड़ी लुक के साथ इस खूबसूरत डिजाइनर ब्लाउज को शामिल कर सकती हैं।

इस ब्लाउज की खूबसूरती आपको मॉडर्न और रॉयल लुक देने में बेहद मदद करेगी। आप इसे अपनी साइज के हिसाब से टेलर से बनवा सकती हैं या मार्केट से ऐसे ब्लाउज को रेडीमेड खरीद सकती हैं। अपने साड़ी लुक को भीड़ से हटके दिखाने के लिए अगर आप भी काफी कोशिशें करती हैं।

**कार्नर न्यूज**

## पार्टी के लिए कुछ खास तरीके से होनी चाहिए आपकी ग्रूमिंग

# पार्टी में जाने की तैयारी है तो पहले याद रखिए कुछ जरूरी ग्रूमिंग टिप्स, सबकी नजरें आप पर ही होंगी

ऐसा कैसे, आप यही सोच रहे हैं न। लेकिन ये सही है कि आप तैयार नहीं हैं। पार्टी में जाने के लिए आपको प्री पार्टी ग्रूमिंग करनी होगी। ताकि पार्टी में सबकी नजरें बस आप पर ही हों। इसके लिए आपको कुछ खास ग्रूमिंग टिप्स आजमाने होंगे। ये टिप्स आजमाकर आप सबका दिल जरूर जीत लेंगे।

### पार्टी से पहले करें ग्रूमिंग

ग्रूमिंग पर बहुत ध्यान देते हैं तो पार्टी से पहले खासतौर पर इस पर ध्यान दीजिए। आपको क्या-क्या करना होगा, जान लीजिए-

### एक दिन पहले एक्सफोलिएट

कम से कम कोशिश में ज्यादा से ज्यादा फायदा देने के लिए एक्सफोलिएट किया जाना चाहिए। एक्सफोलिएशन के बाद स्किन सच में फ्रेश सी हो जाती है। इससे डेड स्किन हटती है तो स्किन में बसी गंदगी भी बहर हो जाती है। टॉक्सिन निकलते ही स्किन फ्रेश-फ्रेश हो जाती है। इसके लिए बिलकुल थोडा सा स्क्रब लें। अब इससे फोरहेड, गाल, चिन और नाक पर उंगली की



टिप से मसाज करें। हालांकि इस दौरान आंखों के नीचे के एरिया पर ये मसाज न करें।

### नया हेयर कट करवा लीजिए

पार्टी में जाने से पहले हेयर कट ज़रूरी होता है। ये जरूरी इसलिए होता है क्योंकि आपका लुक अचानक से अच्छा लगने लगता है।

इसके लिए बस कीजिए इतना कि बालों के साथ कोई अनोखा प्रयोग मत कीजिए। सेफसाइड हेयरस्टाइल ही अपनाइए। इससे लोगों को आपका लुक अचानक से बदला हुआ लगेगा। आपका लुक उन्हें बिलकुल फ्रेश लगने लगेगा। बस यहीं पर सबकी नजरें आप पर ठहर जाएंगी।

### छोटी बातें, पते की बातें

अक्सर पुरुष बाल, कपड़े और हेयर स्टाइल के साथ स्किन पर भी ध्यान देते हैं लेकिन बहुत छोटी बातों को ऐसे ही छोड़ देते हैं। ये छोटी-



छोटी बातें हैं, नाखून, कान या नाक से बाहर आते बाल। इन छोटी ग्रूमिंग पर भी ध्यान दीजिए। ताकि आपका लुक बिलकुल परफेक्ट हो सके। आपको इस दौरान कपड़ों की डिटेल पर भी ध्यान देना होगा, जैसे उन्हें किसी तरह की मरम्मत की जरूरत तो नहीं है।

### थोड़ा बहुत मेकअप

आजकल पुरुष भी मेकअप करते हैं। ये मेकअप आप भी कीजिए। लेकिन उस दिन मेकअप के खराब होने की संभावना बिलकुल न हो इसलिए आप एक दिन पहले मेकअप करके देख लें। समझ लें कि आपको कैसा लुक चाहिए और आप इसके लिए किस तरह का मेकअप कर सकते हैं।

### लंबे समय तक चलने वाले डियो

पार्टी में जाने से पहले आप ऐसे डियो का इस्तेमाल करें जो लॉन्ग लास्टिंग हों। जिनके साथ आप काफी देर तक फ्रेश महसूस कर पाएं।